




RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल

सांध्य दैनिक

दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग

साझा करें अपने मित्रों से

श्रीकंचनपथ ONLINE visit us http://www.shreekanchanpath.com

वर्ष- 13, अंक - 235 | भिलाई, रविवार 12 जून 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-







## खास खबर

### भाजपा नेता और पूर्व आईएएस ओपी चौधरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**कोरबा।** कोरबा जिले में एक खुली खदान से कोयला चोरी का कथित फर्जी वीडियो ट्वीट करने के आरोप में भाजपा नेता और पूर्व आईएएस अधिकारी ओपी चौधरी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। कोरबा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अभिषेक वर्मा ने कहा कि मधुसूदन दास यादव की शिकायत पर यहां बकीमोंगरा पुलिस स्टेशन में चौधरी के खिलाफ आईपीसी की धारा 505 (1) (बी) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

अधिकारी ने कहा कि बकीमोंगरा इलाके के निवासी यादव ने शिकायत की थी कि चौधरी ने लोकप्रियता हासिल करने के लिए एक फर्जी वीडियो पोस्ट किया था। भाजपा नेता ओपी चौधरी ने 18 मई को अपने ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया था जिसमें कहा गया था कि कोरबा की गेवरा खदान से हजारों मजदूर और सैकड़ों वाहन कोयला चोरी में लगे हुए हैं। वीडियो में बड़ी संख्या में पुरुषों और महिलाओं को कुल्हाड़ियों और अन्य उपकरणों के साथ एक खुली खदान की खुदाई करते हुए दिखाया गया था जबकि उनमें से कुछ बोरियों में कोयला भर रहे थे जिसे लोग पीठ और कंधों पर ले जा रहे थे। भाजपा की राज्य इकाई ने सचिव चौधरी ने मामला दर्ज करने के लिए पुलिस की आलोचना करते हुए कहा कि वह जनहित के मुद्दों को उठाने के लिए किसी भी सजा का सामना करने के लिए तैयार हैं।

चौधरी ने कहा, मैंने वह वीडियो साझा जो पहले से ही वायरल था। वास्तव में मेरे द्वारा इसे साझा करने के बाद बिलासपुर के पुलिस महानिरीक्षक ने वीडियो की जांच का आदेश दिया और कोरबा कलेक्टर ने साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की खदानों का दौरा किया और कहा कि खदानों में सुरक्षा का अभाव है। पुलिस कोयला चोरी में लिप्त संगठित माफिआओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बजाय मेरे खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

रायपुर के पूर्व कलेक्टर चौधरी ने 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले सेवा से इस्तीफा दे दिया था और भाजपा में शामिल हो गए थे। पिछले महीने वीडियो सामने आने के बाद पुलिस महानिरीक्षक (बिलासपुर रेंज) रतनलाल डांगी ने एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट बिलासपुर के प्रभारी के नेतृत्व में जांच का आदेश दिया था।

#### पुलिस फोर्स की मौजूदगी में फिर बड़ी कार्रवाई, 44 जगह से हटाया अवैध कब्जा

# भिलाई संडे मार्केट: अतिक्रमण पर फिर चला निगम का बुलडोजर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** सुपेला चौक से गदा चौक की तरफ जाने वाली सड़क में लगने वाले संडे मार्केट पर निगम ने बड़ी कार्रवाई की है। यहां हर बार दुकानदार अतिक्रमण करके सड़क तक दुकान लगा ले रहे थे। कुछ स्थाई दुकानदार सड़क पर अपना सामान रख रहे थे। इससे राहगीरों को परेशानी हो रही थी। इस समस्या को देखते हुए भिलाई निगम की अतिक्रमण दस्ता टीम भारी पुलिस बल के साथ रविवार सुबह पहुंची। टीम के लोगों ने बुलडोजर चलाकर 44 जगहों से अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की।

सुपेला में संडे मार्केट लगने से रविवार के दिन चलते रामनगर, वैशाली नगर, कोहका, कुरुद व सेक्टर एरिया के लोगों को आने जाने में काफी परेशानी होती थी। सड़क तक दुकान व लोगों की गाड़ियां पार्क होने से इस सड़क से निकलने में डर लगता है। लोग जाम की समस्या से बचने के लिए काफी लंबा घूमकर दूसरे रास्तों से आने जाने के लिए मजबूर होते थे। लोगों ने संडे मार्केट को सड़क से दूर लगने के लिए के लिए निगम में शिकायत की थी। निगम ने अप्रैल महीने में बड़ी कार्रवाई की थी, पर फिर से दुकानदारों ने अतिक्रमण कर लिया था।

इसके चलते फिर से निगम की 5 संयुक्त टीम रविवार सुबह मौके पर पहुंची और अतिक्रमण को हटाने का काम किया। कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसके लिए भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा। कार्रवाई के दौरान मौके पर नेहरू नगर जोन के आयुक्त मनीष गायकवाड, प्रभारी कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता, प्रभारी सहायक अभियंता आलोक पसीने, प्रभारी सहायक अभियंता अरविंद शर्मा, उप अभियंता गौरव अग्रवाल, पुरुषोत्तम सिन्हा, सहायक राजस्व अधिकारी, बालकृष्ण नायडू, मलखान सिंह सोरी, जगन्नाथ तिवारी आदि मौजूद रहे।

### जोन आयुक्त ने लोगों व व्यवसायियों से की चर्चा

कार्रवाई के दौरान जोन आयुक्त मनीष गायकवाड ने ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए व्यवसायियों व वहां रह रहे लोगों से चर्चा की। उन्होंने लोगों को समझाया कि इस तरह की समस्या बार बार आ रही है। इसलिए उनकी भी जिम्मेदारी बनती है कि वह यह तय करें कि फिर से मार्केट अव्यवस्थित ना हो। ऐसा करने वालों को रोकें या निगम में उसकी शिकायत करें।



### चेतावनी के बाद भी कर रहे थे अतिक्रमण

अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने सुपेला रोड पर अतिक्रमण न करने के लिए पिछले दो-तीन दिनों से दुकान संचालकों को समझाइश दी जा रही थी। इसके बाद भी कुछ लोगों ने फिर से सड़क किनारे टेबल रख कर और बांस बल्ली गाड़कर दुकान लगाना शुरू कर दिया था। इसलिए इनके खिलाफ कार्रवाई की गई। निगम की संयुक्त टीमों ने सड़कों पर रखे टेबल को हटवाया और बांस, बल्ली को जेसीबी की सहायता से उखाड़कर जब्ती बनाई। कार्रवाई के दौरान देखने को मिला कि कुछ लोगों ने सड़क के किनारे मलबा बिखेरकर रखा हुआ था। रेत और गिट्टी होने के कारण सड़क में आवागमन प्रभावित हो रहा था। टीम ने उसे भी उठाकर जब्ती बनाया है।



बोरवेल में गिरे मासूम का रेस्क्यू: कुछ घंटों में राहुल को निकालने की करेंगे कोशिश

# रोबोटिक्स इंजीनियर ने संभाला मोर्चा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में बोरवेल में गिरे बच्चे को लगभग 48 घंटे बाद भी निकाला नहीं जा सका है। अधिकारियों का कहना है कि 11 वर्षीय बच्चे को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। सारे प्रयास करने के बाद अब रोबोटिक्स इंजीनियर की मदद ली गई है। रोबोटिक्स इंजीनियर महेश अहीर मौके पर पहुंच गए हैं। उन्होंने परिजन को भरोसा देते हुए कहा कि सबकुछ ठीक रहा तो बच्चे को कुछ घंटे के भीतर निकाल लेंगे। उन्होंने कहा कि हम पहले रोबोट को बोरवेल के अंदर ले जाएंगे, उसके बाद स्थिति का जायजा लेंगे। अगर सबकुछ सही रहा तो कुछ घंटों के भीतर बच्चे को बाहर ले आएंगे। वहीं अधिकारियों ने बताया अभी तक लगभग 70 फुट का गड्ढा किया जा चुका है तथा इस कार्य में अभी पांच से छह घंटों का समय और लग सकता है। बचाव कार्य में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और भारतीय सेना के विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है।

गड्ढे का मुंह चौड़ा होने की वजह से राहुल को मिल रही राहत

स्थानीय प्रशासन के अनुसार बोरवेल के लिए खोदे गए गड्ढे का मुंह जरूर छोटा है, लेकिन अंदर से वह चौड़ा हो गया है। वहीं नीचे पत्थर भी लगे हैं। इसके कारण राहुल उसमें अटका हुआ है। हालांकि उसे काफी चोटें भी आई होंगी। इसके बाद भी उसने हिम्मत बांधी हुई है।

### मुख्यमंत्री ने परिजनों एवं रोबोट संचालक महेश से की बात

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला के मोबाइल पर वीडियो कॉल करके राहुल साहू के परिजनों से बात की है। मुख्यमंत्री ने राहुल के फूफा बजरंग साहू की उपस्थिति में दादी श्याम बाई साहू से बात की। उन्होंने रोबोट के माध्यम से रेस्क्यू करने और अन्य विकल्प भी रेस्क्यू के लिए तैयार रहने की बात कही। मुख्यमंत्री ने परिजनों को चिंतित न होने और शासन प्रशासन द्वारा पूरा सहयोग किये जाने की बात कही। मुख्यमंत्री ने रोबोट के संचालक महेश अहीर और उनके पिता से भी बात की। मुख्यमंत्री ने बोरवेल में हो रहे रेस्कयू,खुदाई के काम को भी देखा।

### सीएम बघेल ने दिये सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश

बच्चे के पिता लाला राम साहू ने बताया कि यह बोरवेल करीब 80 फीट गहरा है, जो उन्होंने अपने घर के पीछे बने खेत में खुदवाया था। हालांकि, पानी नहीं निकलने पर उसे खुला ही छोड़ दिया गया।

सरकारी अधिकारियों के मुताबिक, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बच्चे को बचाने के लिए अधिकारियों को जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

## हरियाणा में जीत की पूरी उम्मीद थी, सीएम भूपेश बघेल बोले- रायपुर आए सभी विधायकों ने दिए वोट, क्रॉस वोटिंग से हारे

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** हरियाणा राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा ऑब्जर्वर बनाए गए छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि हमें जीत की पूरी उम्मीद थी। रायपुर आए सभी विधायकों ने कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में मतदान किया। हम उम्मीद कर रहे थे कि सभी विधायकों के वोट हमें मिलेंगे, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो पाया। क्रॉस वोटिंग की वजह से पूरे वोट हमें नहीं मिले, जिससे कांग्रेस की हार हुई है। हरियाणा कांग्रेस कमेटी हार की समीक्षा कर रही है।


बता दें कि हरियाणा में कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है। हरियाणा में भाजपा के कृष्ण लाल पंवार और निर्दलीय प्रत्याशी कार्तिकेय शर्मा की जीत हुई है। कांग्रेस की तरफ से प्रत्याशी बनाए गए वरिष्ठ नेता अजय माकन क्रॉस वोटिंग की वजह से चुनाव हार गए। हरियाणा में 2 सीटों पर चुनाव हुए थे। कयास लगाए जा रहे थे एक सीट पर भाजपा तो दूसरी पर कांग्रेस की जीत पक्की है, लेकिन निर्दलीय प्रत्याशी ने बड़ा उलटफेर कर दिया। क्रास वोटिंग से बचने हरियाणा के 29 विधायकों व पीसीसी के पदाधिकारियों को रायपुर लाया गया था, लेकिन कांग्रेस की बाड़ेबंदी काम नहीं आई।

### चुनाव परिणाम पर बीजेपी का तंज, डॉ. रमन ने लिखा- भूपेश जी, अजय माकन को हराना आपकी बड़ी उपलब्धि

हरियाणा के चुनाव परिणाम पर छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं ने सीएम भूपेश बघेल व कांग्रेस पर तंज कसा। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा कि भूपेश बघेल आपने हार का अपना रिकॉर्ड बरकरार रखा है, उसके लिए शुभकामनाएं। असम, उत्तर प्रदेश के बाद हरियाणा की लगभग जीती हुई राज्यसभा सीट से अजय माकन को हराना आपकी बड़ी उपलब्धि है। कांग्रेस की हार की आहुति के यज्ञ में आप यूं ही लगे रहें। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने भी हरियाणा चुनाव को लेकर ट्वीट किया है। उन्होंने ट्वीट किया कि अमेठी, असम, यूपी और अब अजय माकन!.. छत्तीसगढ़ को 'सराय' समझने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल वक्त मिले तो आत्मचिंतन जरूर करना। प्रदेश की संपदा फूंककर क्या हासिल किया.. जहालत? खैर आत्ममुग्ध व्यक्ति से आत्मचिंतन की उम्मीद करना बेमानी है!

## प्री मानसून की पहली बारिश: भिलाई समेत कई शहरों में बरसे बादल, लोगों को गर्मी से मिली राहत

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के कई शहरों में बारिश शुरू हो गई है। वहीं शनिवार रात लगभग 7 बजे से भिलाई में जमकर हुई बारिश से लोगों ने राहत की सांस ली। कई दिनों से गर्म हवा और उमस से सब हलाकान हो रहे थे, कल हुई झमाझम बारिश और ठंडी हवाओं ने तापामन में गिरावट के साथ-साथ गर्मी से राहत दिलाई। वहीं कई जगहों पर पेड़ गिरने और लाईट गुल की समस्या भी हुई। बारिश के बाद प्रदेश भर में आज सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार आज कई शहरों में गरज-चमक के साथ बारिश के आसार है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया। वहीं प्री मानसून के तेज होने से गर्मी से भी राहत मिली है।

छत्तीसगढ़ में शनिवार शाम से मौसम में बदलाव हुआ है। कई शहरों में हल्की से मध्यम बारिश हुई, जिसके बाद तापमान में गिरावट हो गई है। वहीं आज भी जिले में सुबह से बादल छाए हुए हैं वहीं बादल और सूरज के बीच लुक्का-छुप्पी का खेल भी जारी रहा। ठंडी हवाओं से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मौसम में अब बदलाव देखने को मिलेगा। बदली की वजह से शनिवार को अधिकतम तापमान 3 डिग्री गिरकर 41.1 पर आ गया।

आज फिर बदली छाई रहेगी, लेकिन सोमवार से लगातार बारिश के आसार हैं। जून में पहली बार प्री-मानसून बारिश अब तक नहीं हुई है। इसकी शुरुआत 15 जून से होगी। इस दिन 35 मिलीमीटर बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक मानसून आने तक अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आसपास ही रहेगा। अधिकतम तापमान लगातार दो दिन 44.3 डिग्री के आसपास रहने के बाद गिरावट आई है।


### 15 के बाद ही मानसून आने के आसार

मौसम विभाग के अनुसार मानसून अभी छत्तीसगढ़ नहीं पहुंचा है। 15 जून के बाद ही जिले में मानसून की सक्रियता बढ़ती है। अभी मानसून पुणे और बेंगलुरु के ऊपर है। 24 घंटे के भीतर पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में पहुंचने की संभावना है।

### खेत में पड़ा मिला युवक का शव, चेहरे पर चोट के निशान, हत्या कर फेंकने की आशंका

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में शनिवार को एक युवक का शव पड़ा मिला। इस बात की खबर मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। इस खबर की जानकारी पुलिस को दी गई। वहीं मृत शख्स की पहचान सुनील बघेल (27) के रूप में हुई है जो बचेली निवासी था। वहीं पुलिस आशंका जता रही है कि युवक की हत्या कर उसका शव खेत में फेंक दिया है। पुलिस ने बताया कि बचेली थाना क्षेत्र के पिंटूपारा के खेत में युवक का शव पड़ा हुआ था। जब सुबह लोग वहां होकर गुजरे तो शव को देखा। जिसकी जानकारी बचेली पुलिस को दी गई। इसके बाद मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। जांच में युवक की शिनाख्त बचेली निवासी के रूप में हुई है। वहीं मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, मृत शख्स के चेहरे में खून का निशान था। शव को देखने से लग रहा कि उसके चेहरे को खराब करने की कोशिश की गई हो ताकि उसकी पहचान न हो पाए। सिर में चोट और गले में गमछा लिपटा हुआ था। साथ ही एक पैर में जूता नहीं था। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि, युवक की हत्या हुई है। वहीं वारदात कहीं और की गई है। शव को पिंटूपारा के खेत में लाकर फेंका गया है। फिलहाल आस-पास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## नेता निलंबित भी है तो क्या फर्ख पड़ता है



दीपक रंजन दास




तीली और माचिस एक दूसरे के बिना अधूरे हैं। वैसे तो ये सदा साथ-साथ बिना किसी खतरे के रहते हैं पर यदि तीली को बाहर निकालकर डिबिया पर रगड़ दिया जाए तो आग लग जाती है। ऐसी ही एक तीली को डिबिया पर रगड़कर फूस की ढेर पर फेंक दिया गया और वहां से आग कुछ ऐसी फैली की पूरी बस्ती स्वाहा हो गई। आज हिन्दू हों या मुसलमान, सभी भीतर से फुंके हुए हैं। जब-जब उबाल आता है, मुंह से अनाप-शनाप निकल ही जाता है। पर यह बातें दोस्तों के बीच, बंद कमरों में हों तो बात आई गई हो जाती है। इक्का-दुक्का मामलों में बात झूमा-झटकी से लेकर मार-काट तक भी पहुंच जाती है पर इसका नुकसान सीमित होता है। पर जब वही बात सार्वजनिक मंच से कोई जिम्मेदार व्यक्ति बोले तो देश भर में लपटें उठने लगती हैं। ऐसे बोल-बचनों का किसी न किसी राजनीतिक दल से गहरा रिश्ता होता है। यह रिश्ता ऐसा होता है कि बोल-बचन का नफा या नुकसान सीधे पार्टी को ही जाता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि बोलने वाला अब निष्कासित या निलंबित है। ऐसे लोग देश का माहौल बनाते और बिगाड़ते हैं। उनके बयानों को पार्टी की आइडियोलॉजी और बयान ही समझा जाता है। ऐसे बयानों का मकसद साफ है - ध्रुवीकरण। फिर चाहे उसके लिए देशभर में खून-खराबा ही क्यों न हो जाए। नुपुर शर्मा और असदुद्दीन ओवैसी ऐसे ही दो धड़ों का प्रतिनिधित्व करते हैं। सवाल यह उठता है कि क्या आगे बढ़ने के लिए देश को 1947 के दौर में लौटा ले जाना जरूरी है? उस समय भी किसे क्या ही मिल गया था? दो महत्वाकांक्षी नेताओं की प्रधानमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा पूरी हो गई थी। इसके लिए लाखों लोगों की जानें गई थीं और हजारों परिवार आज भी उसकी पीड़ा को जी रहे हैं। उस समय यह लड़ाई देश की सीमाओं के आसपास थी। अब ऐसी कोई लड़ाई छिड़ी तो वह देश के भीतर होगी, अपनी जमीन पर होगी। जो कुछ जलेगा, जितना खून बहेगा, जो कुछ नष्ट होगा ङ्क वह सब अपना होगा। माता भारती ही लहूलुहान होंगी।




## संपादकीय

# नूपुर पर कार्रवाई क्या जिन्ना मोमेंट?

भारतीय जनता पार्टी ने पैगंबर मोहम्मद के लिए अपमानजनक बयान देने के मामले में अपनी राष्ट्रीय प्रवक्ता नूपुर शर्मा को छह साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया। उनका समर्थन करने वाले दिल्ली के मीडिया प्रभारी नवीन कुमार जिंदल को पार्टी से निकाल दिया गया। नरेंद्र मोदी और अमित शाह के पार्टी की कमान संभालने के बाद यह संभवत: पहला मौका है, जब भाजपा के समर्थकों का बड़ा वर्ग पार्टी के फैसले और सरकार के रुख से खुश नहीं है। सोशल मीडिया में भाजपा के इस फैसले का विरोध हो रहा है और कतर सहित अरब देशों के सामने भारत के 'झुकने' की भी आलोचना हो रही है। तेल की आसमान छूती कीमतों को भी सही ठहराने वाले समर्थक इस मामले में पार्टी के साथ नहीं हैं।

> “ कानपुर में हुई हिंसा के बाद पुलिस ने बहुत सख्त कार्रवाई की और सभी मुख्य आरोपियों को दो दिन के भीतर गिरफ्तार कर लिया। उनकी साजिश का पर्दाफाश भी किया और हिंसा में शामिल सभी लोगों की पहचान कर ली है। सबकी फोटो सार्वजनिक की जा रही है और बुलडोजर चलाने की तैयारी हो रही है। तभी संभव है कि यह विमर्श प्रायोजित हो।

तभी यह भी कहा जा रहा है कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए जिन्ना मोमेंट साबित हो सकता है। गौरतलब है कि लालकृष्ण आडवाणी भाजपा अध्यक्ष रहते पाकिस्तान के दौरे पर गए थे और वहां जिन्ना की मजार पर जाकर उन्होंने जिन्ना की तारीफ की थी। उसके बाद पार्टी और संघ दोनों जगह उनका भारी विरोध हुआ और अंतत: उनको अध्यक्ष पद छोड़ना पड़ा। बाद में वे प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर चुनाव लड़े लेकिन तब तक वे अपनी चमक गंवा बैठे थे। उसी से नरेंद्र मोदी के लिए भाजपा में शीर्ष पर मौका बना। पैगंबर मोहम्मद पर दिए बयान के बाद अरब देशों के दबाव में नूपुर शर्मा और नवीन जिंदल को हटाने के फैसले की तुलना आडवाणी और जिन्ना प्रकरण से हो रही है।

सोशल मीडिया में भाजपा के समर्थक नूपुर शर्मा के साथ खड़े हैं और अरब देशों के खिलाफ मुहिम चला रहे हैं। संभव है कि इसके पीछे भी कोई डिजाइन हो क्योंकि इस पूरे मामले की जिन्ना प्रकरण से तुलना करने वाले इसे दूसरी दिशा में ले जा रहे हैं। उनका कहना है कि जिस तरह आडवाणी की जिन्ना वाली गलती से मोदी के लिए मौका बना उसी तरह नूपुर शर्मा वाली गलती से योगी आदित्यनाथ के लिए मौका बनेगा। मोदी–योगी करने वाली एक बड़ी जमात इस विमर्श को आगे बढ़ा रही है।

दोनों की तुलना करके बताया जा रहा है कि एक तरफ केंद्र सरकार है, जिसने अरब देशों के सामने घुटने टेक दिए और अपने ही प्रवक्ताओं पर कार्रवाई कर दी तो दूसरी ओर योगी आदित्यनाथ हैं, जिन्होंने पैगंबर मोहम्मद के कथित अपमान के खिलाफ कानपुर में हिंसा करने वालों को सबक सिखा दिया। गौरतलब है कि कानपुर में हुई हिंसा के बाद पुलिस ने बहुत सख्त कार्रवाई की और सभी मुख्य आरोपियों को दो दिन के भीतर गिरफ्तार कर लिया। उनकी साजिश का पर्दाफाश भी किया और हिंसा में शामिल सभी लोगों की पहचान कर ली है। सबकी फोटो सार्वजनिक की जा रही है और बुलडोजर चलाने की तैयारी हो रही है। तभी संभव है कि यह विमर्श प्रायोजित हो।

## आईना दिखाने की रणनीति

अगर भारत सरकार को अपनी छवि की फिक्र है, तो उसे अपने आत्म निरीक्षण करना चाहिए? उसे सोचना चाहिए कि तमाम वैश्विक रिपोर्टों से लोकतंत्र, धार्मिक एवं प्रेस स्वतंत्रता, मानव विकास आदि के पैमानों पर आज भारत की खराब छवि क्यों सामने आती है?

भारत सरकार का यह रुख पहले से ही साफ है। अगर कोई उसकी किसी गलती या नाकामी की तरफ इशारा करे, तो उसका जवाब देने के बजाय दूसरे पक्ष के किसी अंधकारमय पक्ष की चर्चा से उसे घेरने की कोशिश की जाए। यही रुख धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति के बारे में अमेरिका के विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट पर एक बार फिर उभर कर सामने आया है। अमेरिका में बंदूक हिंसा है, रंगभेद है। ये बातें बिल्कुल ठीक हैं। इन्हें चर्चा में लाकर लोकतंत्र, मानव अधिकार या धार्मिक स्वंतत्रता जैसे विषय पर अमेरिका के नैतिक अधिकार को चुनौती देने का भी औचित्य हो सकता है। आखिर अब चीन भी यही कर रहा है। इसके बावजूद हकीकत यह है कि अमेरिका में मानव अधिकारों के हनन की कहानी बता देने से विश्व जनमत की निगाह में चीन बरी नहीं हुई है। उसी तरह अगर भारत सरकार समझती है कि अमेरिका को आईना दिखा देने से विश्व जनमत का ध्यान उससे जुड़े मुद्दों से हट जाएगा, तो इसे उसका भ्रम ही कहा जाएगा। अतीत की तरह आज भी यही सच है कि मानव अधिकार हनन जैसी रिपोर्टों से किसी देश की अंदरूनी स्थिति को सुधारने में कोई खास मदद नहीं मिलती। इसके लिए लड़ाई तो उसी देश के लोगों को लड़नी होती है, जहां ये समस्या है। फिर भी दुनिया की चेतना आज जिस स्तर तक पहुंच चुकी है, उसमें ऐसी घटनाएं संबंधित देश के सत्ताधारियों की छवि पर असर डालती हैं, भले छवि बिगड़ने से उनकी सत्ता पर ज्यादा फर्क ना पड़े। तो मुद्दा यह है कि अगर भारत सरकार को अपनी छवि की फिक्र है, तो उसे अपने आत्म निरीक्षण करना चाहिए? उसे सोचना चाहिए कि तमाम सरकारी या गैर–सरकारी वैश्विक रिपोर्टों से लोकतंत्र, प्रेस स्वतंत्रता, मानव विकास आदि के पैमानों पर आज भारत की खराब छवि क्यों सामने आती है? अगर उसे छवि की चिंता नहीं है, तो फिर बेशक वह रिपोर्ट तैयार करने वाली तमाम संस्थाओं और अमेरिका जैसे देशों को आईना दिखाने की रणनीति पर आगे बढ़ सकती है। बहरहाल, ये बात ध्यान में रखने की है कि सच को ना हमेशा के लिए दबाया जा सकता है और ना उसे छिपाना संभव है।

> “ यही वजह है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने पिछली 2 जून को सार्वजनिक तौर पर स्पष्ट कर दिया कि संघ राम जन्मभूमि आंदोलन के बाद कोई और आंदोलन नहीं चलाएगा। उन्होंने यहां तक कहा कि रोज एक नया मामला नहीं उठाना चाहिए, अब हमको कोई आंदोलन नहीं करना। केंद्र सरकार ने भी 32 लोगों के खिलाफभड़काऊ बयानबाजी और अन्य संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज कर अपनी मंशा जाहिर कर दी है। सरकारी सूत्रों का कहना है, अभी इस सूची में कई नाम जुड़ सकते हैं।

# धर्म जो धारण किया जा सके

शशि शेखर

उस दिन गंगा दशहरा था। मैंने बृजघाट के पुल से दोनों तरफगंगा को निहारा। दूर–दूर तक सिर्फऔर सिर्फस्नान करते हुए लोगों का विशाल समूह। कोई कोलाहल नहीं, आवेग नहीं, अफ्रा–तफ्री भी नहीं। अगर कुछ था, तो बस प्रवाह और निरंतरता।

बचपन से सुनता आया हूं– धारयति इति धर्म:, यानी जो धारण करने योग्य है, वही धर्म है। चारों ओर पसरे श्रद्धालुओं के लिए यह भाव पीढ़ियों की विरासत है। ध्यान रहे, इन लोगों के लिए अपनी आस्थाएं पोसते वक्त दूसरों को कोसना कतई जरूरी नहीं। मुस्लिम आक्रांताओं के काल में इनमें से कुछ के भाई–बंधुओं ने दूसरा धर्म धारण कर लिया, पर वे भी अपने जातिगत नामों का मोह नहीं छोड़ पाए। आज तक चौहान, त्यागी, मलिक, पटेल और ऐसे तमाम उपनाम हैं, जो इधर भी हैं, उधर भी। लगभग डेढ़ हजार वर्षों का इतिहास इन इधर–उधर के लोगों ने मिलकर बनाया है। इस दौरान वे बिला संकोच अपने धारण किए हुए धर्म का निर्वाह भी करते रहे।

इधर कुछ सालों से ऐसे तर्कों से सामाजिक विमर्श को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है, जिन्हें अब तक वर्जित माना जाता था। इन स्वघोषित इतिहासविदों को टीवी चैनलों के टीआरपी रोग का सहारा मिला और हमारी शामें इनका शिकार बन गईं। राम और रहीम को बांटते–बांटते ये लोग इतना फिसले कि फिसलते चले गए। पिछले दिनों भाजपा की प्रवक्ता नूपुर शर्मा और इसी पार्टी की दिल्ली इकाई के मीडिया प्रमुख नवीन कुमार जिंदल ने जोश में सीमा का कुछ ज्यादा अतिक्रमण कर दिया। वे बिसरा बैठे कि शियाओं, सुन्नियों, देवबंदियों, बरेलवियों और न जाने किन–किन में बंटा हुआ इस्लामी समाज दो मुद्दों पर कभी समझौता नहीं करता– पहला, पैगंबर मोहम्मद साहब और दूसरा, पवित्र धार्मिक पुस्तक कुरान।



सलमान रुश्दी ने भी जब अपनी किताब द सैटेनिक वर्सेज में तथाकथित तौर पर आपत्तिजनक बातें दर्ज की थीं, तब समूचा इस्लामी जगत इकट्ठा हो गया था। नतीजतन, आज तक रुश्दी सुरक्षा के साये में कैद हैं। तमाम प्रकाशकों और प्रशंसकों ने उनसे तभी पल्ला झाड़ लिया था। आज भी उन्हें सुनने और पढ़ने वालों में ज्यादातर लोग या तो इस्लाम विरोधी हैं अथवा कौतूहल के मारे हैं।

अब यही हाल नूपुर शर्मा और जिंदल का हो रहा है। सत्ता की सीढ़ियां जल्दी चढ़ने की फिराक में वे फिसल गए। अब उनकी पार्टी ने उनसे किनारा कर लिया। देश के विभिन्न शहरों में उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज कर दिए गए हैं। अपने और करीबी परिजनों के जीवन की चिंता के साथ उन्हें लंबे समय तक कानूनी जद्दोजहद का भी सामना करना होगा।

बिला वजह इस विष–वमन ने भारत सरकार के सामने भी तमाम मुश्किलात खड़ी कर दी हैं। अरब देशों के अलावा ईरान और तमाम इस्लामी देशों ने न केवल इस पर सीधा प्रतिरोध दर्ज कराया, बल्कि आंखें तरेरने की भी कोशिश की। ईरान के विदेश विभाग ने तो गजब ही कर दिया। अपने मंत्री की भारत यात्रा के दौरान सम्मान का शुक्रिया अदा करने के बजाय खबर फैला दी कि हमारे विदेश मंत्री ने भारत के सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात के दौरान भारत में पनप रहे 'नकारात्मक वातावरण' पर चर्चा की। भारत के विदेश मंत्रालय के खंडन के बाद ईरान ने अपनी वेबसाइट पर इस विस्तृत जानकारी को तरमीम कर दिया। इससे पहले तमाम इस्लामी देशों ने आवश्यकता से अधिक प्रतिक्रिया जताई। अल कायदा ने तो हिन्दुस्तान के तमाम हिस्सों में आत्मघाती हमलों की धमकी तक दे डाली। पिछले कई वर्षों से ये तमाम तत्व चुप थे।

यही नहीं, कानपुर को तो दंगे का सामना करना पड़ा। अगले जुमे, यानी गए शुक्रवार को भी समूचे देश में दोपहर की नमाज के बाद प्रदर्शन हुए। कई जगह पथराव, आगजनी और पनपती हिंसा को काबू में करने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग तक किया। रांची में तो हिंसा के बाद 12 थाना क्षेत्रों में धारा–144 लगानी पड़ी। लगभग सभी जगह प्रदर्शनकारी नूपुर और जिंदल को सूली पर चढ़ाने की मांग तक कर रहे थे। मौका देख एआईएमआईएम ने भी बहती गंगा में हाथ धोने शुरू कर दिए हैं। अगर सियासी दखल का यह सिलसिला बढ़ा, तो भावनाओं का उफान बेलगाम हो सकता है।

प्रदर्शनों का यह सिलसिला कब और किस मोड़ पर कितनी कीमत वसूलकर खत्म होगा, कोई नहीं जानता।

यहां याद करना जरूरी है। मोदी सरकार ने लगभग दो साल पहले, जब साहसपूर्वक जम्मू–कश्मीर से न केवल अनुच्छेद 370 खत्म किया था, बल्कि उसका पूर्ण राज्य का दर्जा समाप्त करते हुए विभाजन भी कर दिया था, उस समय पाकिस्तान की हरचंद कोशिशों के बावजूद इन्हीं इस्लामी देशों ने इसे धार्मिक मुद्दा मानने से इनकार कर दिया था। यही वह मुकाम था, जहां से इमरान खान की सत्ता की लड़खड़ाहट शुरू हुई थी। भारत के मौजूदा विभाजनकारियों के लिए यह विस्मय का कारण था।

इसकी वजह यह थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद पहल करके इन देशों के साथ बेहद गरिमा एवं गरमाहटपूर्ण रिश्ते स्थापित किए थे। लेकिन गैर–जिम्मेदाराना बयानबाजी ने इस मैत्रीभाव को न केवल चोटिल किया, बल्कि विदेश और गृह मंत्रालय का भी काम बढ़ा दिया। यही नहीं, इससे अल्पसंख्यकों के अन्य तबकों में भी तरह–तरह की आशंकाएं पैदा हो गईं।

इससे पहले किसान आंदोलन के दौरान भी सिखों के लिए ऐसी ही अनर्गल बातें कही गई थीं। सयानों ने तभी खतरा जताया था कि संवेदनशील मुद्दों पर यदि पार्टियों के अधिकृत प्रवक्ता सार्वजनिक तौर पर ऐसी बयानबाजी करेंगे, तो माहौल बिगड़ सकता है। यह महीना 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' की बरसी का भी है। उससे पहले और बाद में कैसी कत्ल–ओ–गारत मची थी! महान सिख कौम ने न केवल उसे गरिमापूर्वक भुलाया, बल्कि अपने बीच से देश विरोधी तत्वों को भी समाप्त करने में सक्रिय भूमिका अदा की। देश की नई पीढ़ी तो उन दिनों के दर्द से वाकिफ नहीं थी, पर ऐसे अनर्गल प्रलापों ने जख्मों के निशानों की नुमाइश करने की कोशिश की। इसे हर हाल में रोकना होगा। विदेशी सरजमीं पर बैठे मृतप्राय अलगाववादियों को भी इससे जीवनदान मिलता है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि सरकार, संगठन और संघ में बैठे हुए समझदार लोग इस सत्य–तथ्य को समझते हैं। यही वजह है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने पिछली 2 जून को सार्वजनिक तौर पर स्पष्ट कर दिया कि संघ राम जन्मभूमि आंदोलन के बाद कोई और आंदोलन नहीं चलाएगा। उन्होंने यहां तक कहा कि रोज एक नया मामला नहीं उठाना चाहिए, अब हमको कोई आंदोलन नहीं करना। केंद्र सरकार ने भी 32 लोगों के खिलाफ भड़काऊ बयानबाजी और अन्य संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज कर अपनी मंशा जाहिर कर दी है। सरकारी सूत्रों का कहना है, अभी इस सूची में कई नाम जुड़ सकते हैं।

क्या इतना काफी है?

यकीनन, यह प्रवाद तब तक नियंत्रित नहीं होगा, जब तक सभी दलों के अगुआ अपने प्रवक्ताओं के ऊपर स्पष्ट तौर पर लगाम कसने का उपक्रम नहीं करेंगे। इसी तरह, सभी दलों को अपने नेताओं–कार्यकर्ताओं के लिए स्पष्ट आचार संहिता बनाकर सार्वजनिक करनी होगी। गंगा को साफकरने के लिए पहले गंगोत्री को निर्मल और पावन बनाना जरूरी है।

# मैंने उन्हें भिक्षा की जगह शिक्षा देना कुबूल किया

कंचन शर्मा, शिक्षिका, समाजसेवी

उम्र के जिस पड़ाव पर लोग आराम, तीर्थाटन और सैर–सपाटे की योजना बनाते हैं, 62 साल की कंचन शर्मा एक सैनिक की तरह चुपचाप अपने देश और मानवता की सेवा करती जा रही हैं। मूलत: महाराष्ट्र के नागपुर स्थित पिपरी गांव की कंचन जम्मू में ही बड़ी हुईं और करीब चार दशकों तक शिक्षा विभाग में नौकरी करने के बाद दो साल पहले रिटायर हुई हैं।

साल 2004 की बात है। जम्मू के गांधी नगर स्थित अपने गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल से एक दिन वह घर लौट रही थीं, तो लाल बत्ती पर छोटे–छोटे दो हाथ उनके सामने आ फैले। ये भीख मांगते दो मासूम बच्चे थे। कंचन शर्मा के हाथ अनायास ही पर्स की तरफबढ़ गए। लेकिन अगले दिन फिर उसी लाल बत्ती पर दो नए मजबूर हाथ, आंखों में लाचारी समेटे सामने आ गए थे। कंचन के हाथ फिर पर्स की तरफ बढ़ते, इसके पहले ही उनके शिक्षक मन ने सवाल किया– क्या यह सही समाधान है? क्या यह सिलसिला यूं कभी थम सकेगा? और उन्होंने उसी क्षण यह फैसला किया कि 'इन्हें अब भिक्षा नहीं, शिक्षा दूंगी।'

जम्मू रेलवे स्टेशन के पास ही मराठा बस्ती का स्लम एरिया है। संयोग से इसी बस्ती की तीन लड़कियां स्कूल में दाखिले के लिए कंचन के पास आईं। कंचन ने उनसे पूछा, क्या कुछ और बच्चे भी पढ़ना चाहते हैं? उन बच्चियों ने जो कुछ कहा, वह एक शिक्षक को आंदोलित करने वाला था। अगले ही इतवार को कंचन उस बस्ती में थीं। वहां के बच्चों की हालत देख वह द्रवित भी हुईं और दृढ़–प्रतिज्ञ भी। छोटे–छोटे बच्चे ताश खेल रहे थे, तंबाकू चबा रहे थे। कंचन ने उसी पल इन सबको शिक्षित बनाने का फैसला किया। यह मुश्किल काम था। लेकिन वह हरेक हफ्ते बस्ती में जाने लगीं। बस्ती के अभिभावकों को वह शिक्षा का महत्व समझातीं, उनके बच्चों के सुखद कल की तस्वीरें उकेरतीं। कंचन की मेहनत का ही नतीजा था कि वहां के 40 बच्चों ने स्कूल में दाखिला लिया। वह बहुत खुश थीं। इन बच्चों ने जैसे बस्ती की सोच बदलकर रख दी हो। लेकिन इसी बीच कंचन का तबादला आरएस पुरा हो गया, और देखते–देखते इन 40 बच्चों ने भी स्कूल आना बंद कर दिया।



कंचन को जब इसके बारे में पता लगा, तो वह बेहद दुखी हुईं। उन्हें यही लगा, जैसे दरख्त के लहलहाने से पहले ही किसी ने उसकी जड़ों में जहर डाल दिया हो। पर धीरज खोने के बजाय उन्होंने मराठा बस्ती के पास ही एक अस्थायी स्कूल खोलने का इरादा किया, ताकि इन बच्चों को मुफ्त शिक्षा दी जा सके। इसके लिए उन्होंने बाकायदा शिक्षा विभाग से जरूरी अनुमति ली और अगस्त 2009 से वहां एक अस्थायी स्कूल शुरू कर दिया।

लेकिन इस स्कूल में अपने बच्चों को भेजने के लिए माता–पिता को राजी करना आसान नहीं था, क्योंकि कंचन के प्रयास से पूर्व में सरकारी स्कूल गए सभी बच्चे बीच में ही पढ़ाई छोड़ बैठे थे। बहरहाल, उन्होंने अभिभावकों और बच्चों को समझाया कि आपको ड्रेस, किताबें–कॉपियां मुफ्त में मिलेंगी। अपनी जेब से कुछ भी खर्च नहीं करना पड़ेगा। एक साफ नीयत शिक्षक की बातें असर कर गईं और टीन की छत व प्लास्टिक की दीवार वाले अस्थायी स्कूल में कल के बेहतर नागरिकों को गढ़ने का काम शुरू हो गया।

करीब 100 बच्चों के साथ यह संघर्ष विद्या केंद्र शुरू हुआ। कचरा बीनने, भीख मांगने वाले हाथों को कॉपी–किताब मुहैया कराने का खर्च कंचन खुद ही उठाती रहीं। लेकिन उन्हें एक और अहम मोर्चे पर काम करना था, जो काफी जोखिम भरा था, क्योंकि इससे बच्चे बिदककर भाग सकते थे। लेकिन अपने शिक्षकीय कौशल और विवेक की बदौलत उन्होंने धीरे–धीरे इन सभी बच्चों को धूम्रपान और तंबाकू–सेवन से भी दूर कर दिया। यह बहुत बड़ी कामयाबी थी। हालांकि, कई बार ऐसा भी हुआ कि मां–बाप की मुफलिसी ने कुछ बच्चों को फिर से किसी लाल बत्ती पर हाथ पसारे खड़ा कर दिया। लेकिन जैसे ही इसके बारे में पता चला, कंचन फौरन उनके माता–पिता से मिलीं और उनकी मदद करने के साथ उन्हें यह भी समझाया कि आपके बच्चों का भविष्य संवर रहा है, अपने आज के लिए उनका पूरा कल दांव पर न लगाएं। भला कौन मां–बाप यह चाहेगा कि उसकी संतान यह काम करे! कंचन की मुहिम कामयाब रही।


मलिन बस्ती के इन बच्चों को सही दिशा के साथ तराशने वाली शिक्षक मां मिल गई थीं। वे निखरते चले गए। इस समय बच्चों की संख्या 120 से अधिक है। संघर्ष विद्या केंद्र के कई बच्चे अभी हाईस्कूल में हैं। जब लॉकडाउन के दौरान बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने लगी, तो कंचन ने उनके लिए अपने पूर्व सहयोगियों, रिश्तेदारों से कुछ स्मार्टफोन का इंतजाम किया, ताकि वे ऑनलाइन कक्षाओं से वंचित न हो सकें। कंचन शर्मा के परिवार ने इस परमार्थ और अमूल्य देशसेवा में हमेशा उनका साथ दिया है। मराठा बस्ती के लोग तो कंचन को अपने बच्चों की मसीहा कहते हैं।

पिछले करीब 13 वर्षों से जारी इस मौन क्रांति का संज्ञान समाज ने भी लिया है। रेडक्रॉस सोसायटी ने तो कंचन के इस प्रयास के पहले कदम पर ही उन्हें सम्मानित किया था। जम्मू–कश्मीर सरकार ने भी उसी वर्ष उन्हें 'सवश्रेष्ठ शिक्षक' का अवॉर्ड दिया, जबकि इस साल महिला दिवस के मौके पर एक स्थानीय संस्था ने उन्हें 'वीमेन ऑफ स्टील' अवॉर्ड से नवाजा है। मराठा बस्ती के इस अस्थायी स्कूल के कुछ बच्चों को अब सरकारी नौकरी भी मिल गई है। कंचन के पास जब–जब वे पहली तनख्वाह की मिठाई लेकर आए, इस शिक्षक मां की आंखें खुशी से छलक उठीं। नि:शुल्क शिक्षा दान देने वाले ऐसे शिक्षकों का कोई क्या कर्ज उतार सकेगा!

प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह

## श्रीमती अंजली जैन की कलम से...





दूर तन्हाइयों में, वीरानों में
कोई सिसक रहा, तड़पकर
बिलख–बिलखकर रो रहा,
पलटकर मैनें पूछा तुम
कौन हो, तो उसने धीमी
आवाज में फुसफुसाते हुए
कहा, मैं और कोई नहीं,
तेरी ही साया हूं।

–अंजली जैन
7024460938

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239


























# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़


इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा ये तो खुशी की बात है

## जब 10 वीं की मेरिट होल्डर ने जतायी स्वामी आत्मानंद स्कूल से आगे पढ़ने की इच्छा

**स्वामी आत्मानंद में एडमिशन के लिए बच्चों में दिख रहा उत्साह, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बढ़ रहा आत्मविश्वास**

श्रीकंचपथ न्यूज



**रायपुर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में हो रही पढ़ाई -लिखाई से अब बच्चे यहां एडमिशन लेने के लिए उत्साहित हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आज स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के निरीक्षण के दौरान ऐसी इच्छा जशपुर जिले की एक मेरिट होल्डर बच्ची ने जतायी, जिसने 10 वीं की परीक्षा में प्रादेशिक प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया है।

कक्षा 10 वीं की परीक्षा में कु प्रियांशु पाठक ने पूरे प्रदेश में 96.83त्न हासिल कर 10वें स्थान पर रही। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए निरीक्षण में पहुंचे मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कु. प्रियांशु पाठक को टेबलेट देकर सम्मानित किया। इस दौरान जब उन्होंने बच्ची से आगे की पढ़ाई के बारे में पूछा तो उसने बताया कि उसका सपना आगे आईआईटी से इंजीनियरिंग करने का है। वह कक्षा 10 वीं के बाद अपनी आगे की पढ़ाई स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम से करना चाहती है।

क्योंकि यहां अंग्रेजी में पढ़ाई हो रही है जिससे वह परीक्षा की तैयारी अभी से कर सकती है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस पर खुशी जाहिर करते हुए बच्ची को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री बघेल से चर्चा करते हुए टॉपर प्रियांशु पाठक के पिता ने बताया कि वे एक होटल में मिस्त्री का काम करते हैं। उनके अकेले की कमाई से 5 सदस्यीय परिवार का गुजारा होता है। उन्होंने कहा कि बेटी होनहार है और आगे आईआईटी से इंजीनियरिंग करना चाहती है। जिसके प्रवेश के लिये काफी कॉम्पिटिशन होता है। परीक्षा के लिए उपलब्ध अधिकांश स्टडी मटेरियल अंग्रेजी में उपलब्ध होते हैं। ऐसे में स्वामी आत्मानंद स्कूल में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई में बच्ची को परीक्षा की तैयारी के लिए बेहतर माहौल मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि यहां एडमिशन से बच्ची को अपने सपने पूरा करने की राह मिलेगी। उन्होंने विकासखण्ड स्तर पर शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने के लिये मुख्यमंत्री श्री बघेल का बहुत बहुत आभार जताया है।

## योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों की आसानी से मिल रही लोगों को जानकारी

श्रीकंचपथ न्यूज



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ सरकार की फ्लैगशीप योजनाओं एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के लिए जनसंपर्क विभाग द्वारा लगायी गई विकास प्रदर्शनी से लोगों को उपयोगी जानकारी सहजता से उपलब्ध हो रही है। विकास प्रदर्शनी का आज सूरजपुर जिले से आए जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी और ग्रामीणों ने अवलोकन कर इसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य में संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं से लोगों के जीवन में जहां बदलाव आया है, वहीं ग्रामीण अर्थव्यस्था भी सुदृढ़ हुई है।

उल्लेखनीय है कि 21 मई से 22 जून तक चलने वाली इस विकास प्रदर्शनी में लोककल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों को फोटो एवं ऑडियो-वीडियो के माध्यम से लोगों को जानकारी दी जा रही है। जिसे देखने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक सहित सभी आयु वर्ग के लोग आ रहे हैं। इसी कड़ी में आज बिरगांव निवासी श्रीमती मधु चन्द्राकर, सुश्री दामिनी चन्द्राकर और सुश्री योगिता चन्द्राकर ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और राजीव गांधी किसान न्याय योजना की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस योजना से किसानों के जीवन में अभूतपूर्व आर्थिक बदलावा आया है। इसी तरह सुश्री रानू साहू, सुश्री संचिता सिंह और सुश्री पूजा ने बताया कि प्रदर्शनी में शासन की योजनाओं का बड़े ही आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

लोहार चौक पुरानी बस्ती निवासी श्री विनय कुमार यदु ने बताया कि विकास प्रदर्शनी में राम वन गमन परिपथ को मनमोहक और विस्तृत रूप से दर्शाया गया है। इस अवसर पर विकास प्रदर्शनी में आने वाले लोगों को जन कल्याणकारी योजनाओं और विगत साढ़े तीन साल के विकास कार्यों पर आधारित उपयोगी प्रकाशन सामग्री का भी वितरण किया जा रहा है।

## खास खबर

### अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस : बालश्रम की रोकथाम करना हम सबकी जिम्मेदारी: भूपेश बघेल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अंतर्राष्ट्रीय बालश्रम निषेध दिवस 12 जून की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में कहा है कि बाल मजदूरी से समाज अपना सुनहरा भविष्य खत्म करने की ओर एक कदम बढ़ाता है। उचित देखभाल, पोषण, सुरक्षा, खुशहाल जीवन, शिक्षा, स्वास्थ्य और आगे बढ़ने के अवसर पर हर बच्चे का समान अधिकार है। दुनियाभर में हर साल 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य बच्चों से श्रम ना कराकर उन्हें शिक्षा और आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना है। बाल श्रम के प्रति विरोध दर्ज करने के साथ लोगों में जागरूकता लाना है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि हर बच्चे में असीम संभावनाएं होती हैं। उन्हें संवरने के लिए खुला आसमान देना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि छोटे बच्चों को काम में न लगाएं, न ही किसी को लगाने दें। बच्चों के प्रति दुर्व्यवहार, हिंसा या मजदूरी करते पाए जाने पर तुरंत पुलिस और प्रशासन को सूचना देकर बच्चे का भविष्य बचाने में सहयोग करें।

### रामचन्द्र का भाटापारा में जोरदार स्वागत

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ विप्र फाऊण्डेशन के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष रामचन्द्र शर्मा के प्रदेशव्यापी सामाजिक दौरे के अन्तर्गत बलौदाबाजार भाटापारा जिले में स्वागत पश्चात विप्र फाउंडेशन की आवश्यक बैठक भाटापारा में कुन्दन भवन, शिव मंदिर में सम्पन्न हुई। प्रदेशाध्यक्ष रामचन्द्र शर्मा ने सर्वप्रथम भोलेनाथ जी का अभिषेक व भगवान परशुराम जी की विधि विधान से पूजा अर्चना की तत्पश्चात उपस्थित समाजजनों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का माल्यार्पण व पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ राधेश्याम शर्मा (फगा भैया), सामाजिक जन कल्याण के साथ अन्य समाज के उत्थान व विकास के लिए किये जा रहे कार्यों से अवगत कराया।

## केंद्रीय राज्य मंत्री ने किया लोक सेवा केंद्र और मनरेगा में चल रहे तालाब निर्माण कार्य का किया अवलोकन

श्रीकंचपथ न्यूज



राजनांदगांव। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम केंद्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप वर्मा ने आज राजनांदगांव नगर पालिक निगम क्षेत्र के लखोली नाका चौक में संचालित जलाराम ऑनलाइन लोक सेवा केंद्र का मुआयना किया। यहां पहुंचकर उन्होंने लोक सेवा केंद्र के माध्यम से जनता को प्रदान किए जाने वाले सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने सीएससी सेंटर के संचालक से प्रदत्त सेवाओं और लिए जाने वाले शुल्क की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने यह भी जाना कि किसी सेवा के लिए कितने दिन का समय निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि सीएससी सेंटर के माध्यम से लोगों को अपनी जरूरत और असल जीवन में उपयोग में आने वाले सेवाओं का लाभ लेने में काफी मदद मिल रही है। उन्होंने जिले के खुटेरी ग्राम पंचायत में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी के अंतर्गत चल रहे नया तालाब निर्माण सह वृक्षारोपण कार्य का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने मनरेगा में कार्य कर रहे श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा कि देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है । इसके अंतर्गत अनेक विकास के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसके तहत यहां भी यह कार्य स्वीकृत किया गया है। ग्राम पंचायत द्वारा एक अचछे स्थान का चयन किया गया है। यहां पर नवीन तालाब का निर्माण होने से ग्रामवासियों को सिंचाई पेयजल और निस्तारी के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से पैसा हस्तांतरित किया जा रहा है। हितग्राहियों के खाते में सीधे पैसा का अंतरण होने से उन्हें अपनी पूरी मेहनत का पैसा मिल रहा है। उन्होंने ग्रामवासियों को और मनरेगा में लगे श्रमिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सबके जीवन में खुशी आये और सब स्वस्थ्य रहें। इस दौरान सांसद संतोष पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ लोकेश चंद्राकर, एसडीएम अरूण वर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## बाल मजदूरी की रोकथाम के लिए हर व्यक्ति जागरूक हो - श्रीमती भेंड़िया

श्रीकंचपथ न्यूज

रायपुर। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस 12 जून के अवसर पर लोगों से अपील की है कि बच्चे समाज और देश का भविष्य होते हैं। नींव की ईट की तरह देश के विकास में हर बच्चा महत्वपूर्ण है। लोग अपने थोड़े से स्वार्थ के लिए बच्चों का जीवन दांव पर ना लगाएं।

श्रीमती भेंड़िया ने कहा कि बाल श्रम, बाल तस्करी के कई मामले आज भी सामने आते रहते हैं। लोग कल-कारखानों सहित अपने घर-दुकानों में भी छोटे-छोटे बच्चों से काम करवाने लगे हैं। इस दौरान बच्चों से दुर्व्यवहार और हिंसा की कई घटनाएं भी प्रकाश में आई हैं। उन्होंने कहा कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से ऐसा काम लेना जो उनके स्वास्थ्य और जीवन के लिए असुरक्षित हो, कानूनन अपराध है। सरकार ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई करती है, लेकिन इसके लिए प्रत्येक नागरिक का जागरूक होना जरूरी है। बच्चों के प्रति किसी भी प्रकार के अवैधानिक नियोजन, हिंसा, अपराध और दुर्व्यवहार की घटनाओं के प्रति सजग और सतर्क रहें और इसकी सूचना पुलिस, चाइल्ड लाइन, महिला बाल विकास विभाग या प्रशासन तक पहुंचाएं। बच्चों के प्रति हमारी संवेदनशील सोच ही देश-प्रदेश का भविष्य तय करेगी।

## खाद की कमी कांग्रेस सरकार का प्रायोजित कार्यक्रम - बृजमोहन

श्रीकंचपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री तथा वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे पर आरोप लगाते हुए कहा है कि कृषि मंत्री द्वारा लगातार खाद की आपूर्ति को लेकर गलत बयानी की जा रही है जिसके परिणाम स्वरूप खाद की कालाबाजारी को बढ़ावा मिल रहा है। राज्य सरकार समय पर उठाव नहीं करती। हर मामले में राजनीतिक पैंतरेबाजी करती है और केंद्र सरकार पर मिथ्या आरोप लगाती है। साढ़े तीन साल से कांग्रेस का एक सूत्रीय कार्यक्रम चल रहा है कि झूठ बोलो और अपनी विफलता पर पर्दा डालो। खाद की कमी बताना और केंद्र को जिम्मेदार ठहराना भी इसी प्रायोजित कार्यक्रम का हिस्सा है। कांग्रेस सरकार अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेती है और बाद में हल्ला मचाती है। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि पिछले वर्ष भी अग्रिम उठाओ में सरकार नाकाम रही थी, जबकि भाजपा अग्रिम उठाओ का कार्य समय पर करती थी। भूपेश सरकार की नाकामियों के कारण एडवांस उठाओ में विलम्ब हो रहा है। खाद के अग्रिम उठाव का कार्य अप्रैल माह में ही शुरू हो जाना चाहिए परंतु समय पर यह सरकार सोती रहती है। अग्रिम उठाव कार्य में एक से डेढ़ माह विलंब होने से भी वितरण में असुविधा होती है जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना होता है और कलाबाजारियों को मौका मिलता है। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि इस तरह की घटिया राजनीति से मुनाफाखोरी को संरक्षण मिलता है।

## मुख्यमंत्री ने बटईकेला प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर मरीजों से चर्चा की

श्रीकंचपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज भेंट-मुलाकात के दौरान पत्थलगांव विधानसभा के बटईकेला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां भर्ती मरीजों से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने वहां एक भर्ती महिला बीबी बाई से हालचाल पूछा तथा कहा कि 'मैं तोर बर फल लेकर आय हंव'। शारीरिक कमजोरी के कारण से भर्ती बीबी बाई मुख्यमंत्री की स्नेह भरी बातचीत से बहुत खुश हुई और उनकी आंखों में चमक आ गई। मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात के दौरान आमजनों से अपने परिवार के सदस्यों की तरह मिलते हैं। बातचीत में वे सहजतापूर्वक शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी भी लेते हैं। मुख्यमंत्री आज मरीजों के परिजनों की तरह अस्पताल में फलों की टोकरी लेकर पहुंचे।

उन्होंने वहां अस्पताल में भर्ती बीबी बाई, श्रीमती ललिता बाई एवं अन्य मरीजों के स्वास्थ्य की प्रगति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने उपस्थित डॉक्टरों से कहा कि मरीजों के स्वास्थ्य की निरंतर मॉनिटरिंग करें।

इससे मरीजों का आत्मविश्वास मजबूत होता है और जल्दी रिकवरी होती है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतरीन अधोसंरचना उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। इस दिशा सत्त में कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल में दवाइयों की उपलब्धता, लैब में होने वाले विभिन्न प्रकार के जांच आदि की जानकारी ली।

## जनसामान्य की सुविधा के लिए शिविर लगाकर राजस्व प्रकरणों का करें निराकरण - कलेक्टर

श्रीकंचपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व प्रकरणों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी भू-राजस्व संहिता एवं राजस्व संबंधी नए नियमों की जानकारी से लैस रहे एवं सक्रियतापूर्वक कार्य करें। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी राजस्व से संबंधित सभी प्रकरणों एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा सभी कार्यों से प्रत्यक्ष तौर पर जुड़े होते है, इसलिए उन्हें सभी महत्वपूर्ण बातों की जानकारी होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरण लंबित नहीं होने चाहिए। जनसामान्य की सुविधा के लिए शिविर लगाकर राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें। भू-अर्जन संबंधी प्रकरणों का अभियान चलाकर रिकार्ड दुरूस्तीकरण का कार्य करवाएं। उन्होंने सभी एसडीएम से कहा कि 5 से 10 वर्ष पहले के भू-अर्जन संबंधी रिकार्ड दुरूस्तीकरण कार्य पटवारी को दें एवं उसमें अवार्ड की कापी भी लगवाएं। गांव में शिविर लगाकर मुआवजा की राशि प्रदान करें। कलेक्टर ने चिटफंड कंपनी के आवेदनों एवं दर्ज प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कहा कि सभी अधिकारी इस संबंध में गंभीरतापूर्वक कार्य करें।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि सभी एसडीएम जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य में गति लाएं एवं इस कार्य के लिए पटवारियों की ड्यूटी लगाएं। उन्होंने कहा कि जुलाई के पहले सप्ताह में जाति प्रमाण पत्र का वितरण किया जाना है। इस दौरान उन्होंने राजनांदगांव तहसील में एक माह में 213 प्रकरण के निराकरण किए जाने पर प्रशंसा की। उन्होंने नवीन राजस्व ग्राम निर्माण कुहीकोड़ा के संबंध में जानकारी ली। तहसीलदार ने जानकारी दी कि ग्राम कुहीकोड़ा में अधिकार अभिलेख अनुसार खसरा एवं बी-1 का मिलान कार्य 100 प्रतिशत एवं स्थल का भौतिक सत्यापन व नक्शा बटांकन का कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। उन्होंने नामांकन, बंटवारा, सीमांकन, अविवादित नामांतरण प्रकरणों, लंबित प्रकरणों, डिजिटल हस्ताक्षरिकृत खसरा, कतिपय वृक्षों को काटने, भुइयां सॉफ्टवेयर में अभिलेख शुद्धता, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि न्याय योजना, अनसर्वेड ग्रामों का अभिलेख निर्माण, ऑनलाईन नामांतरण पंजी, ई-कोर्ट, त्रुटि सुधार, नगरीय क्षेत्रों में वृक्षारोपण हेतु कृष्ण कुंज बनाये जाने, अपील प्रकरणों का निराकरण, गोसवारा, नजूल भू-भाटक, व्यपवर्तन प्रकरण, छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी, सड़क दुर्घटना में प्रभावित व्यक्तियों को अनुदान सहायता राशि, कोरोना संक्रमण के रोकथाम एवं दान -दाताओं से प्राप्त राशि के व्यय, वन अधिकार पत्र, प्रधानमंत्री सफल बीमा योजना की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अमितनाथ योगी एवं तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

## संकुल स्तरीय बैठक आयोजन

श्रीकंचपथ न्यूज

**रायपुर।** संकुल केन्द्र कंकालीनपारा के समस्त प्रधानपाठकों का संकुल स्तरीय बैठक सहप्रशिक्षण का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर कक्ष क्रमांक एक में रखा गया। जिसमें निम्नानुसार एजेंडा पर विस्तृत चर्चा किया गया?। बालवाड़ी प्रवेश उत्सव 16 जून को चयनित आंगनबाड़ी केंद्र में मनाने, शाला प्रवेश उत्सव 16 जून से 30 जून तक सभी स्कूलों में पालकगण, जनप्रतिनिधियों, सरपंच, पंच, पार्षद, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, सदस्यों की उपस्थिति में मनाने चर्चा, वार्षिक शैक्षणिक कैलेण्डर अनुसार कार्य, शाला खुलने के पूर्व शाला आवश्यक साफ-सफाई, आवश्यक पंजी संधारण, भोजन कक्ष आवश्यक सफाई तथा आवश्यक सामग्री का संग्रहण करने संबंधित चर्चा, नये सत्र में शाला प्रबंधन समिति का पुनर्गठन करने, गणवेश, पुस्तक वितरण एवं शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाई जाए, शाला त्यागी/ अप्रवेशी बच्चों का सर्वेक्षण, शिक्षकों द्वारा टीलएम निर्माण, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जाति प्रमाण पत्र वितरण संबंधित चर्चा, चर्चा पत्र डाउनलोड करने,एनईपी 2020 लागू संबंधित, महतारी दुलार योजना एवं अन्य योजनाओं की जानकारी व अन्य ऐजेण्डा पर चर्चा किया गया। इस अवसर पर अंजना वास्तव संकुल प्राचार्य संकुल केंद्र कंकालीनपारा, मथुरा मेश्राम प्रधानपाठक कन्या पूर्व माध्यमिक शाला कांकेर, रंजनलता वास्तव प्रधानपाठक माध्यमिक शाला गढ़पिछवाड़ी, साहू संकुल समन्वयक कंकालीनपारा उपस्थित रहे।



## खास खबर

### सोशल मीडिया बनेगा सड़क सुरक्षा जागरुकता के लिए हथियार

**रायपुर।** जनमानस में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुकता फैलाने और सड़क हादसों को रोकने के लिए छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग लगातार अनेक नवाचार कर रहा है। इसी कड़ी में अब सोशल मीडिया को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता के लिए हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा। इसके लिए परिवहन विभाग द्वारा सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक और इंस्टाग्राम के लिए 'सड़क सुरक्षा मितान' एवं यू-ट्यूब व ट्वीटर पर 'रोड सेफ्टी सीजी' के नाम से अकांउट बनाया गया है। इस पर सड़क सुरक्षा को लेकर बनी अंतर्विभागीय लीड एजेंसी काम कर रही है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप और परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में छत्तीसढ़ परिवहन विभाग राज्य में बेहतर यातायात व्यवस्था बनाने एवं सड़क हादसों को रोकने से लेकर सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने की पहल कर रही है। वर्तमान समय में सोशल मीडिया के प्रसार को देखते हुए परिवहन विभाग ने अब सोशल मीडिया को भी जागरुकता के लिए एक बड़ा जरिया माना है और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर काम करने जा रही है। विभागीय अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार पहले चरण में फेसबुक, इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब और ट्वीटर के जरिए लोगों तक पहुंचने की कोशिश होगी।

#### सोशल नेटवर्किंग अकाउंट पर होगी जानकारी

छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग ने सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक और इंस्टाग्राम के लिए 'सड़क सुरक्षा मितान' तथा यू-ट्यूब व ट्वीटर पर 'रोड सेफ्टी सीजी' के नाम से अकांउट बनाया है। इन अकाउंट में मोटर व्हीकल एक्ट से संबंधित आवश्यक जानकारी जनसामान्य के लिए मुहैया होगी। वहीं सड़क हादसों के कारण एवं उनसे बचाव के तरीकों की जानकारी दी जाएगी। वहीं राज्यभर में सड़क हादसों के लिए चिन्हित ब्लैक स्पॉट की भी जानकारी अकाउंट पर होगी। इसके अलावा बड़ी सड़क दुर्घटनाओं के वास्तविक कारणों को जानकारी इसकी पुनरावृत्ति रोकने के लिए जागरूक किया जाएगा। सड़क सुरक्षा और परिवहन व्यवस्था संबंधी जानकारी भी यहां होगी। परिवहन विभाग इन अकाउंट में समय-समय पर विभिन्न विभागीय गतिविधियों की भी जानकारी उपलब्ध कराएगा।

### शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन 16 जून से

**रायपुर।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी शाला प्रवेश को एक उत्सव के रूप मनाते हुए बच्चों के प्रवेश को यादगार बनाने के लिए शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष का प्रवेश उत्सव 16 जून से जोर-शोर से व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ 15 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग ने शाला प्रवेश उत्सव आयोजन के लिए सभी जिला कलेक्टरों, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान और सभी जिला मिशन समन्वय राजीव गांधी शिक्षा मिशन को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि शाला प्रवेश उत्सव को जन-जन का अभियान बनाने के लिए व्यक्तिगत रूचि लेते हुए इसे सभी स्तर पर सफल बनाए, ताकि 6 से 14 वर्ष के शत् प्रतिशत बच्चों का शाला में प्रवेश एवं ठहराव सुनिश्चित करते हुए उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर समग्र शिक्षा के लक्ष्य का प्राप्ति की जा सके। शाला प्रवेश उत्सव आयोजन के लिए जारी निर्देश में कहा गया है कि सत्र की शुरूआत एक उत्सव के रूप में हो, बच्चों में पालकों के लिए यह दिन विशेष तौर पर यादगार बन सके।

# भेंट-मुलाकात अभियान

## योजनाओं से किसानों को हो रहा फायदाः सीएम भूपेश बघेल

### लापरवाही और गड़बड़ी की शिकायत पर मुख्यमंत्री का कड़ा रूख

### बागबहार पूर्ण तहसील और कोतबा में स्वामी आत्मानंद स्कूल की घोषणा

### पत्थलगांव में उद्यानिकी कॉलेज के लिए भवन और सोनोग्राफी व डायलिसिस सेंटर

### सुरेशपुर और महेशपुर में बिजली सब-स्टेशन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि राज्य सरकार ने किसानों की उन्नति के लिए अनेक योजनाएं बनाई है। हमारी योजनाओं से किसानों को फायदा हो रहा है। किसानों के चेहरे पर खुशी देखने को मिल रही है। किसानों की समृद्धि राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात के प्रदेशव्यापी कार्यक्रम के दौरान जशपुर जिले के पत्थलगांव विकासखण्ड के ग्राम बागबहार में आम जनता, किसानों, छात्रों से मुलाकात के दौरान यह बाते कहीं। उन्होंने बात-चीत में योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी भी ली। भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान सड़क दुर्घटना में पैर और घुटनों में आई चोट आने के कारण दिव्यांग जगन्नाथ चौहान ने मुख्यमंत्री के समक्ष उचित इलाज के लिए सहायता राशि की मांग की। मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना के तहत 20 लाख रुपये तक इलाज करवाने की जिम्मेदारी ली है। उन्होंने जगन्नाथ को आवेदन करने कहा।

मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात के दौरान ग्रामीणों की मांग पर उप तहसील बागबहार को पूर्ण तहसील का दर्जा देने की घोषणा की। इसी प्रकार कोतबा में गुणवत्ता युक्त शिक्षा व्यवस्था के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, उद्यानिकी कॉलेज के लिए भवन, सिंचाई सुविधा विस्तार के लिए सतीघाट स्टॉपडेम का जीर्णोद्धार एवं नहर निर्माण, स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने के लिए पत्थलगांव में सोनोग्राफी और डायलिसिस सेंटर, विद्युत की निर्बाध आपूर्ति के लिए सुरेशपुर और महेशपुर में 32 केव्ही का बिजली सब-स्टेशन और खिलाड़ियों के लिए ग्राम पंगसुवा में मिनी स्टेडियम की घोषणा की।

#### मुख्यमंत्री का कड़ा रूख

मुख्यमंत्री ने लापरवाही करने वालों के खिलाफ कड़े रूख दिखाते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए। आय व जाति प्रमाण पत्र बनाने में लापरवाही बरतने की शिकायत पर बागबहार के नायब तहसीलदार को सस्पेंड करने के निर्देश दिए। वहीं धान खरीदी में गड़बड़ी की शिकायत पर कोतबा सहकारी समिति के कर्मचारियों को भी निलंबित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री से किसान डोल नारायण चौधरी ने बताया कि धान खरीदी केंद्र बागबहार में टोकन काटने के लिए पैसे की मांग की जाती है। किसान की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने सहायक लिपिक विकेश कुमार, गुरुकान्त चौहान तथा ऑपरेटर रजनीश कुमार रोहितास को निलंबित करने के निर्देश दिए।

#### मुख्यमंत्री ने गौरीशंकर के घर किया भोजन

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्राम बागबहार में किसान गौरीशंकर यादव के घर दोपहर का भोजन किया। भोजन में उन्हें अंचल के प्रसिद्ध आम झोरा चटनी, बैंग भाजी, कुल्थी की दाल, कोयनार भाजी, चरोटा गुड़ा, मुनगा भाजी, तिल और मखना बड़ी परोसा गया। शुद्ध देशी और छत्तीसगढ़ खाना का यह स्वाद जिंदगी भर याद रहेगा। उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, विधायक रामपुकार सिंह ने भी मुख्यमंत्री के साथ भोजन किया।

#### मुख्यमंत्री ने बागबहार उचित मूल्य दुकान का किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बागबहार के शासकीय उच्च मूल्य के दुकान का निरीक्षण कर दुकान संचालक से राशन की उपलब्धता और वितरण की जानकारी ली। साथ ही राशन लेने पहुंचे हितग्राहियों से चर्चा भी की। उन्होंने हितग्राही मीराबाई को अपने सामने तौलवाकर राशन दिलवाया। वहां उपस्थित अन्य महिलाओं ने मुख्यमंत्री को बताया कि राशन मिलने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं, समय पर आसानी से राशन मिल जाता है।

मुख्यमंत्री से बागबहार में भेंट-मुलाकात के दौरान ग्राम सरई टोला के मोहन राम लोहार ने कहा कि उन्हें भूमिहीन मजदूर न्याय योजना के लिए आवेदन किया है लेकिन अभी तक राशि नही मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं वही बताने आया हूँ कि योजना का लाभ लेवें। उन्होंने कलेक्टर को इस संबंध में हर ग्राम में मुनादी करने के निर्देश दिये। ग्राम कुकुर भुका के प्रभा एक्का द्वारा राशन कार्ड की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत में आवेदन करें। राशन कार्ड बन जायेगा।

बहनाटांगर गांव के राम बाई सिंह ने बताया कि वे पुष्पक सरस्वती महिला समूह से जुड़कर आदर्श गोठान में काम कर रही है। वर्मी कम्पोस्ट से 1 लाख 23 हजार रुपये का खाद बेची है। महिला समूह के साथ 6000 रुपये का सीमेंट पोल बनाकर 3 लाख 10 हजार रुपए आय अर्जित किये हैं। बकरी पालन, मिनी राइस मिल और गोबर से भी आय मिल रहा है। स्थानीय निवासी पवन अग्रवाल ने कहा कि गोबर बेचकर 80 हजार रुपये कमाए हैं। जिससे ट्रेक्टर का किश्त छूटने में मदद मिल रही है। उन्होंने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। साथ ही राधेश्याम गुप्ता ने भी कहा कि उनके यहां सुंदर गोठान है। यहां गोबर खरीदी हो रहा है। भेंट-मुलाकात में पहुंची पत्थलगांव की मेनका यादव ने उनके प्रकरण पर पुलिस द्वारा समुचित करवाई नही करने की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षक को आवश्यक और त्वरित करवाई के निर्देश दिए।

## स्कूल की दीवारों को रंगने वाले पेंटर के बेटे के जीवन में भरे स्वामी आत्मानंद स्कूल ने रंग



### मुख्यमंत्री को पेंटर अजय ने बताया- इस स्कूल से मेरे बच्चे को शिक्षा और मुझे मिला रोजगार

### बेसहारा बच्चे को पढ़ा रहे पेंटर अजय ने आत्मानंद स्कूल की शुरुआत पर जताया मुख्यमंत्री का आभार

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल पत्थलगांव में बच्चों के अभिभावकों ने बातचीत की। अभिभावकों ने मुख्यमंत्री से स्कूल से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। इसी क्रम में पेंटर अजय सैनी ने मुख्यमंत्री को स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रारम्भ करने आभार जताया। अजय ने कहा कि उसके पास शब्द नहीं हैं, इस स्कूल से उसके बेटे को अंग्रेजी शिक्षा और उसे रोजगार मिला। वह दीवारों पर रंग रोगन और पुट्टी का काम करता है। उसने स्कूल परिसर की दीवारों पर पेंटिंग बनाई है। वह एक बेसहारा बच्चे प्रशांत का लालन पालन अपनी क्षमता के अनुसार कर रहा है। उसने कभी नहीं सोचा था कि वह बच्चे को अंग्रेजी स्कूल में पढ़ा पायेगा। मगर स्वामी आत्मानंद स्कूल में बच्चे के एडमिशन से उसका सपने पूरा हुआ है। अब उसे लगता है कि जिस बच्चे को उसने सहारा दिया है, उसकी परवरिश सही तरीके से कर पायेगा। मुख्यमंत्री ने अजय को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## ग्राम सभा में पारित नहीं होगा तो नहीं लगेगा प्लांटः भूपेश बघेल

### भेंट-मुलाकात में ग्रामीण महिला ने स्टील प्लांट नहीं लगाने की मांग की

### मुख्यमंत्री बघेल ने बताए रोजगार के तरीके






**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात अभियान की कड़ी में जशपुर जिले के पत्थलगांव विधानसभा अंतर्गत बटईकेला पहुंचे। मुख्यमंत्री बघेल यहां जब भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में ग्रामीणों से चर्चा कर रहे थे, तभी ग्रामीण महिला बुधमती बाई चौहान ने मुख्यमंत्री को बताया कि क्षेत्र में स्टील प्लांट लगना प्रस्तावित है, लेकिन उन्हें अपने क्षेत्र में स्टील प्लांट नहीं चाहिए। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि, अगर स्टील प्लांट को लेकर प्रस्ताव ग्राम सभा में पारित नहीं होगा तो प्लांट नहीं लगेगा।

मुख्यमंत्री बघेल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में 14 हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती तीन साल के भीतर हुई है। वहीं अन्य विभागों में भी बड़ी संख्या में लगातार नौकरियां दी जा रही हैं। किसानों की आय को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते साढ़े तीन साल में छत्तीसगढ़ सरकार ने अनेक अभिनव योजनाएं शुरू की हैं, जिससे राज्य में कृषि की ओर रुझान बढ़ा है और इससे कृषि का रकबा बढ़ने के साथ किसानों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ में 65 प्रकार के वनोपज की समर्थन मूल्य पर खरीदी, गोबर खरीदी जैसे अभिनव पहल के बाद गौठानों को रुरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां अनेक तरह के आजीविकामूलक गतिविधियों का संचालन हो रहा है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़वासियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार लगातार कवायद कर रही है। कोरोना काल में जब पूरे देश में आर्थिक गतिविधियां ठप पड़ गई थीं, लोगों को काम नहीं मिल रहा था, तब छत्तीसगढ़ में मनरेगा के काम अनवरत रूप से जारी रहा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोगों को काम मिला। राज्य खनिज संसाधनों से समृद्ध है, ऐसे में छत्तीसगढ़ में रोजगार की अनेक संभावनाएं हैं। यदि उद्योग लगेंगे तो लोगों को रोजगार मिलेगा। आज छत्तीसगढ़ में सबसे कम बेरोजगारी दर है।

## गोधन योजना का श्रीगणेश हुआ तो लक्ष्मी आई संतोषी समूह की लक्ष्मी के पास

**रायपुर।** हमारी पूजा का श्रीगणेश गोबरव से बने गणेश जी से होता है और हर शुभ कार्य की शुरुआत गणेश जी की आराधना से ही होती है। आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कांसाबेल भ्रमण का शुभारंभ भी ऐसे ही हुआ। संतोषी संतोषी स्व सहायता समूह की सदस्य लक्ष्मी और सिमरन ने उन्हें गोबर से बने गणेश जी की प्रतिमा भेंट की। लक्ष्मी ने कहा कि आप हमारे कांसाबेल आए हैं हर शुभ काम की शुरुआत गणेश जी से होती है और पूजा में गोबर से बने गणेश जी रखते हैं इसलिए हमने यह निश्चय किया कि आप को उपहार स्वरूप गोबर से बनी गणेश जी की प्रतिमा देंगे। उसके साथ ही उन्होंने समूह की महिलाओं के द्वारा बना हुआ धूप बत्ती स्टैंड भी मुख्यमंत्री को दिया। मुख्यमंत्री ने महिलाओं की कला कौशल की प्रशंसा की। महिलाओं ने बताया कि हम



लोग गोबर से बनी कला कृतियां बनाते हैं और इन कलाकृतियों को सीमार्ट में बेचते हैं उन्होंने बताया कि 8 महीने में अब तक 42 हजार रुपये की सामग्री बेच चुके हैं। सीमार्ट के आरंभ किए जाने से अब बाजार की चिंता दूर हो गई है जैसे ही सामान खत्म होने की सूचना सीमार्ट के अधिकारियों द्वारा दी जाती है। हम वहां पर स्टॉक पहुंचा देते हैं। समूह के सदस्यों ने बताया कि गोधन की सुंदर कलाकृतियों के निर्माण से धीरे-धीरे उनका हुनर और अधिक निखर रहा है और हुनर के निखरने से इस बात की उम्मीद है कि भविष्य में और भी लाभ हो सकता है। इसके साथ ही वह गोधन से जुड़े अन्य उत्पाद भी बनाएंगे ताकि उनकी आय निरंतर बढ़ सके। लक्ष्मी ने बताया कि हमारे गौठान में अनेक आजीविकामूलक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है और कोशिश होती है कि हर समूह अलग तरह के उत्पाद बनाएं जिनकी स्थानीय बाजार में अच्छी मांग हो।


आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरीफायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट कैम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

• जीन्स
• टी-शर्ट
• शर्ट
• ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

मोमोस नास्ता सेंटर...
थापा शुद्ध मोमोस सेंटर

| | फुल | हाफ |
|---|---|---|
| वेज मोमोस | 40/- | 20/- |
| मनचुरियन मोमोस | 50/- | 30/- |
| पनीर मोमोस | 60/- | 30/- |

मोमोस-10, 20 और 30 रू. का भी मिलता है। शुद्ध बिना ऑयल का बना
मो.-9977690915, 7898349602
सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# हार्मोनल असंतुलन से बिगड़ सकता है शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, ये योगासन हैं आपके लिए फायदेमंद



शरीर के स्वस्थ रहने के लिए पोषक तत्वों और हार्मोन्स का संतुलन बना रहना आवश्यक माना जाता है। इसमें होने वाली किसी भी प्रकार की समस्या शरीर में कई प्रकार की दिक्कतों को बढ़ा देती है। विशेषकर हार्मोनल असंतुलन की समस्या पिछले कुछ समय में काफी बढ़ती हुए देखी गई है। हार्मोन्स एक प्रकार के रसायन हैं जो विशेष कोशिकाओं द्वारा स्त्रावित होते रहते हैं। आमतौर पर अंत:स्त्रावी ग्रंथियों के भीतर इनका निर्माण होता है और यह रक्तप्रवाह के माध्यम से शरीर के विभिन्न हिस्सों में संदेश भेजने का काम करते हैं। इसमें होने वाले असंतुलन की समस्या संपूर्ण शारीरिक कार्यप्रणाली को बाधित कर सकती है।

हार्मोनल असंतुलन की स्थिति में शरीर में कई प्रकार के लक्षण नजर आने लगते हैं, जैसे वजन बढ़ना,कंधों के बीच चर्बी का बढ़ना-कूबड़, अस्पष्टीकृत थकान, मांसपेशियों में कमज़ोरी और दर्द जैसी समस्याएं। विशेषज्ञों के मुताबिक शरीर में हार्मोन्स के संतुलन को गड़बड़ाने से बचाने के लिए नियमित रूप से योग-व्यायाम की आदत आपके लिए विशेष लाभकारी हो सकती है। योग के अभ्यास की आदत हार्मोनल असंतुलन की समस्या को ठीक करने में मदद करते हैं।

## भुजंगासन योग के लाभ

हार्मोनल असंतुलन से बचाव या जिन लोगों को यह समस्या है उसके जोखिम को कम करने के लिए भुजंगासन योग के अभ्यास की आदत काफी फायदेमंद हो सकती है। नियमित रूप से भुजंगासन योग का अभ्यास थायराइड फंक्शन और ओवरी की स्थिति में सुधार करने में भी मदद करता है, जिससे हार्मोन्स की समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके अलावा यह योगासन पीठ और कमर दर्द की दिक्कतों को कम करने के साथ पेट के अंगों को स्वस्थ रखने में भी सहायक माना जाता है।

## शलभासन योग के फायदे

शलभासन योग के नियमित अभ्यास की आदत भी आपमें हार्मोनल इंबैलेंस की दिक्कतों को कम करने में काफी मददगार हो सकती है। विशेषकर हार्मोनल असंतुलन के कारण महिलाओं में होने वाली पीसीओएस जैसी दिक्कतों के जोखिम को कम करने में इस योग के अभ्यास की आदत काफी लाभकारी हो सकती है। शलभासन योग का नियमित अभ्यास शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में भी कई प्रकार से फायदेमंद है।

## कैमल पोज से मिलता है लाभ

जिन लोगों को हार्मोनल समस्याएं होती हैं, विशेषज्ञ उन्हें कैमल पोज के नियमित अभ्यास की सलाह देते हैं। कैमल पोज या उष्ट्रासन, हार्मोनल असंतुलन के कारण मासिक धर्म चक्र में होने वाली अनियमितता को कम करने के साथ शरीर के अंगों में रक्त के संचार को ठीक बनाए रखने में काफी सहायक है। रोजाना इस योग के अभ्यास की आदत बनाकर आपको कई प्रकार से लाभ मिल सकता है।

# आपकी जरा सी लापरवाही से हो सकता है अस्थमा अटैक



अस्थमा वैश्विक स्तर पर बढ़ती सांस की गंभीर समस्याओं में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक, साल 2019 में अस्थमा ने अनुमानित 262 मिलियन (26.2 करोड़) लोगों को प्रभावित किया और इसके कारण 4.55 लाख लोगों की मृत्यु हुई। भारत में भी यह आंकड़ा साल दर साल बढ़ता जा रहा है। देश की कुल आबादी में लगभग 6त्न बच्चे और 2 प्रतिशत वयस्कों को अस्थमा की समस्या है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक कुछ लोगों में अस्थमा की दिक्कत वंशानुगत हो सकती है, जबकि कुछ लोगों में समय के साथ भी इसके विकसित होने का खतरा रहता है। जीवनशैली के विभिन्न जोखिम कारक अस्थमा के खतरे को काफी हद तक बढ़ा सकते हैं।

अस्थमा की स्थिति में आपके वायुमार्ग संकीर्ण और सूज जाते हैं, जिसके कारण अतिरिक्त बलगम का उत्पादन होने लगता है। इससे सांस लेना मुश्किल हो सकती है और जब आप सांस छोड़ते हैं तो खांसी, सीटी की आवाज (घरघराहट) आती है। दैनिक जीवन की कुछ चीजें अस्थमा की समस्या को बढ़ा देती हैं। सांस लेने में तकलीफ की इस दिक्कत से बचे रहने के लिए सभी लोगों को इसके जोखिम कारकों से बचाव करते रहना चाहिए। आइए, जानते हैं कि कौन सी आदतें अस्थमा के खतरे को ट्रिगर कर सकती हैं?

## धूम्रपान से बढ़ता है खतरा

धूम्रपान, अस्थमा सहित सांस की समस्याओं को बढ़ाने वाले प्रमुख कारकों में से एक माना जाता है। तंबाकू के धुंए के संपर्क में आने, भले ही आप न पी रहे हों, यह स्थिति भी सांस की दिक्कतों को बढ़ा सकती है, इससे बचकर रहना चाहिए। इसके अलावा यदि आप बच्चों के सामने भी धूम्रपान करते हैं तो इसके संपर्क में आने से बच्चों में अस्थमा के लक्षणों के बिगड़ने की आशंका हो सकती है। अस्थमा के शिकार लोगों को धूम्रपान से बिल्कुल परहेज करना चाहिए।

## एलर्जी कारकों से बनाए दूरी

कुछ एलर्जी बढ़ाने वाले कारक जैसे धूल, प्रदूषण आदि भी अस्थमा अटैक का कारण बन सकते हैं। ऐसे कारकों के संपर्क में आने से आपके वायुमार्ग में सूजन बढ़ जाती है, जिससे अस्थमा अटैक का खतरा बढ़ जाता है। यही कारण है कि जिन लोगों को अस्थमा या सांस की समस्या है उन्हें बाहर जाते समय सुरक्षात्मक मास्क पहनने की सलाह दी जाती है, जिससे ऐसे एलर्जी बढ़ाने वाले कारकों से बचाव किया जा सके।

अध्ययनों से पता चलता है कि कुछ लोगों में नॉन स्टेरॉइडल एंटी इंफ्लामेटरी (एनएसएआईडी) दवाओं के सेवन के कारण भी वायुमार्ग की सूजन और अस्थमा के लक्षण बिगड़ सकते हैं। शोधकर्ता इसके कारणों को जानने के लिए अध्ययन कर रहे हैं। यदि आपको भी किसी दवा के सेवन के बाद सांस की तकलीफ महसूस होती है तो इसे तुरंत बंद कर दें और संबंधित डॉक्टर से जरूर सलाह ले लें।

## कुछ प्रकार के खाद्य पदार्थ

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, कुछ लोगों में प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों के सेवन के बाद भी अस्थमा अटैक की समस्या देखने को मिली है। ऐसे खाद्य पदार्थों में सल्फर डाइऑक्साइड और सोडियम मेटाबिसल्फाइट में जैसे तत्व हो सकते हैं जो आपकी समस्या को बढ़ा देते हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विशेषज्ञ अस्थमा के रोगियों को आहार में ताजे फल, सब्जियां, साबुत अनाज आदि को शामिल करने की सलाह देते हैं।

# लंबे समय तक बनी रहने वाली नींद की समस्याएं हो सकती हैं जानलेवा, विशेषज्ञों ने किया अलर्ट

स्वस्थ शरीर और मन के लिए सभी लोगों को रोजाना रात में 6-8 घंटे की नींद पूरी करने की सलाह दी जाती है। अध्ययनों से पता चलता है कि जिन लोगों की नींद पूरी नहीं होती है, उनमें समय के साथ कई तरह की शारीरिक और मानसिक समस्याओं के विकसित होने का जोखिम हो सकता है। सिर्फएक रात नींद पूरी न हो पाने के कारण भी थकान-कमजोरी, चिड़चिड़ापन, तनाव जैसी समस्याएं हो सकती हैं। वहीं अगर ये दिक्कतें लंबे समय तक बनी रहती हैं तो इसके कारण गंभीर समस्याएं भी विकसित हो सकती हैं, इसमें से कई के जानलेवा होने का भी खतरा हो सकता है।



विशेषज्ञ कहते हैं, नींद विकार सीधे तौर पर जानलेवा समस्याओं का कारण तो नहीं बनती हैं, हालांकि इसके कारण उत्पन्न कई स्थितियां जरूर आपकी परेशानी को बढ़ा सकती हैं। नींद विकारों के शिकार लोगों में मोटापा होने का खतरा अधिक होता है, जिसे कई प्रकार के जानलेवा रोगों जैसे हृदय रोग, कैंसर और टाइप-2 डायबिटीज की समस्या बढ़ाने वाला माना जाता है। आइए अनिद्रा के कारण होने वाली गंभीर समस्याओं के बारे में जानते हैं।

## नींद विकार और मोटापा

अध्ययनों से पता चलता है कि नींद की कमी, शरीर में हार्मोनल असंतुलन का कारण बनती है जिसके कारण अधिक खाने की इच्छा हो सकती है, जो वजन बढ़ने का कारण बनती है। नींद पूरी न कर पाने वाले लोगों में लेप्टिन और घ्रेलिन जैसे हार्मोन्स का असंतुलन हो सकता है। ये आपमें भूख की भावना को बढ़ा देते हैं। नींद की कमी के कारण ग्रोथ हार्मोन में कमी और कोर्टिसोल के बढ़ने का खतरा भी देखा जाता है, ये दोनों मोटापे के जोखिम को बढ़ा देते हैं।

## नींद विकार के जानलेवा दुष्प्रभाव

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, वैसे तो नींद विकार सीधे तौर पर जानलेवा दुष्प्रभावों वाले नहीं माने जाते हैं, हालांकि लंबे समय तक बनी रहने वाली यह समस्या कई ऐसे रोगों के खतरे को बढ़ा देती है जिसके कारण समय से पहले मृत्यु का खतरा हो सकता है।

नींद विकार वाले लोगों में मोटापा का खतरा सबसे अधिक होता है। मोटापा या अधिक वजन की स्थिति हृदय रोगों का जोखिम कारक है, जिसे दुनियाभर में मृत्यु के प्रमुख कारक के रूप में जाना जाता है।

## नींद की कमी के अन्य दुष्प्रभाव

मोटापा और मानसिक स्वास्थ्य विकारों के अलावा नींद की कमी कई और प्रकार की समस्याओं को बढ़ावा दे सकती है। अध्ययनों से पता चलता है कि जिनकी नींद लगातार पूरी नहीं हो पाती है उनमें इस तरह के जोखिमों का खतरा बढ़ जाता है।

- उच्च रक्तचाप।
- दिल की धड़कन का रुकना (हार्ट फेलियर)।
- अनियमित रूप से दिल का धड़कना।
- धमनी के रोग।
- टाइप-2 डायबिटीज।
- मूड विकार, डिप्रेशन और चिड़चिड़ापन।

## नींद विकारों से बचाव

नींद विकारों से बचाव के लिए कुछ बातों का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। यह समस्या किसी भी उम्र के लोगों को हो सकती है, इसलिए सभी लोगों को इस बारे में सावधानी बरतनी चाहिए।

- हर रात एक ही समय पर सोने की कोशिश करें।
- कोशिश करें कि दिन में नींद न लें इससे आपकी रात की नींद प्रभावित हो सकती है।
- कैफीन, निकोटीन और शराब आदि से बचें।
- नियमित व्यायाम की आदत बनाएं, इससे लाभ मिलता है।

# मां के दूध से नवजात में ट्रांसफर होती है इम्युनिटी, कोविड-19 सहित अन्य गंभीर संक्रमण से मिल सकती है सुरक्षा



नवजात के लिए मां के दूध को सर्वोत्तम आहार माना जाता है। विशेषज्ञ कहते हैं, इसमें शिशु के लिए आवश्यक सभी पोषक तत्व समाहित होते है, जो प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने से लेकर कई तरह की बीमारियों के जोखिम को कम करने तक में मदद करते हैं। जन्म से पहले भी गर्भनाल के माध्यम से शिशुओं में इम्युनिटी ट्रांसफर होती रहती है जो गर्भ में शिशु को स्वस्थ रखने के साथ विभिन्न संक्रमणों से सुरक्षा प्रदान करती है। हालिया अध्ययन में वैज्ञानिकों ने पाया कि स्तन के दूध में मौजूद एंटीबॉडीज शिशुओं के आंत बैक्टीरिया और प्रतिरक्षा को आकार देने में मदद करते हैं। इससे पहले के अध्ययन भी इस बात पर जोर देते रहे हैं कि सभी नवजातों को पहले आहार के रूप में मां का दूध ही दिया जाना चाहिए। पहला गाढ़ा पीला दूध, शिशु के स्वास्थ्य को बेहतर रखने और बीमारियों-संक्रमण के खतरे को कम करने में विशेष लाभकारी होता है। बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए भी मां के दूध को अध्ययनों में काफी लाभदायक बताया गया है। वहीं इस अध्ययन में वैज्ञानिकों ने पाया कि मां का दूध में कई ऐसे एंटीबॉडीज होते हैं जो शरीर को तमाम तरह की बीमारियों से सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं। आइए इस बारे में आगे विस्तार से समझते हैं।

10 जून को साइंस इम्यूनोलॉजी जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान मां से उसके अजन्मे बच्चों में प्लेसेंटा के माध्यम से प्रतिरक्षा का हस्तांतरण होता है, वहीं जन्म के बाद मां का दूध शिशुओं को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इस अध्ययन की खास बात यह है कि शोधकर्ताओं ने पाया कि किसी संक्रमण के खिलाफ मां का टीकाकरण करके स्तन के दूध के माध्यम से नवजात में भी एंटीबॉडीज को ट्रांसफर किया जा सकता है। कोविड-19 से बचाव के लिए यह महत्वपूर्ण हो सकता है।

## बच्चों को संक्रमण से मिल सकती है सुरक्षा

न्यूयार्क स्थित वेइल कॉर्नेल मेडिसिन के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए इस प्रीक्लिनिकल अध्ययन से पता चलता है कि आंत के लाभकारी बैक्टीरिया द्वारा निर्मित एंटीबॉडी का एक विशिष्ट सेट भी मां से शिशुओं में, स्तन के दूध के माध्यम से स्थानांतरित हो सकता है। यह एंटीबॉडीज नवजात में पेट के संक्रमण के कारण होने वाले डायरिया से बचाने में मदद करते हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि गर्भावस्था के दौरान गर्भवती में इन स्वाभाविक रूप से उत्पादित एंटीबॉडी को बढ़ाने के उपायों को प्रयोग में लाकर बैक्टीरिया जनित संक्रमण के खिलाफ शिशुओं की प्रतिरक्षा को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

## अध्ययन में क्या पता चला?

विशेषरूप से इस अध्ययन में शोधकर्ताओं की टीम ने आईजीजी नामक एंटीबॉडीज के एक वर्ग पर अध्ययन किया जो संक्रामक बैक्टीरिया और वायरस से शरीर को सुरक्षित रखने में मदद करती हैं। इस अध्ययन से पहले इस बात के पर्याप्त सबूत नहीं थे कि आईजीजी एंटीबॉडी, जो स्वाभाविक रूप से आंत के बैक्टीरिया से प्रेरित होते हैं वह शिशु की आंत की प्रतिरक्षा को कैसे प्रभावित करते हैं? इसलिए, जांचकर्ताओं ने यह निर्धारित करने के लिए एक माउस मॉडल का उपयोग किया। अध्ययन के परिणाम में कई बातें सामने आईं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243















## खास खबर

### आने वाले समय में छत्तीसगढ़ से ज्यादा संख्या में यूपीएससी में बच्चे चयनित होंगे - कावरे

**दुर्ग।** रोटरी क्लब भिलाई के द्वारा श्रेष्ठ नागरिक सम्मान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग संभागायुक्त महादेव कावरे उपस्थित थे। इस दौरान 5 वरिष्ठ नागरिक को सम्मानित किया गया। साथ ही दो को नए रोटेरियन का प्रवेश दिलाया गया। मुख्य अतिथि महादेव कावरे ने अपने उद्बोधन में रोटरी क्लब को अच्छे कार्यक्रम के लिए बधाई दी और कोविड-19 के दौरान अच्छा काम करने वालों को, पर्यावरण क्षेत्र के लिए काम करने वालों, मीडिया के क्षेत्र में अच्छे काम करने वाले, स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वालों को सम्मानित करने के लिए बधाई दिया। कावरे ने कहां की अभी भी शिक्षा के क्षेत्र में काम करने की आवश्यकता है। आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा की बहुत बड़ी गुंजाइश है,उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही विकास को ऊंचाई तक ले जाया जा सकता है। उन्होंने इस वर्ष यूपीएससी में चयनित 12 बच्चों का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह का माहौल छत्तीसगढ़ में है आने वाले समय में ज्यादा संख्या में यूपीएससी में बच्चे चयनित होंगे। कावरे ने अपने बेमेतरा और जसपुर जिले में कलेक्टर के दौरान लोगों की सहायता राशि 24 घंटे में वितरण का उदाहरण भी दिया और पहाड़ी कोरवा लोगों को रोजगार और शिक्षा की जानकारी दिया। इस दौरान रोटरी क्लब भिलाई के अध्यक्ष, सचिव और बाजवा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### पुलिस व प्रशासन की टीम ने विश्रामपुर में फुटपाथ पर किए अतिक्रमण को हटवाया

**सूरजपुर,।** अतिक्रमण के कारण सड़क पर लगने वाले जाम की समस्या से लोगों को छुटकारा दिलाने के प्रयास में विश्रामपुर पुलिस जुट गई है। शुक्रवार को थाना प्रभारी विश्रामपुर ट्रेनी आईपीएस संदीप कुमार पटेल के नेतृत्व में नायब तहसीलदार अंकिता तिवारी, यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय व पुलिस की टीम ने अभियान चलाकर एनएच-43 विश्रामपुर मेन मार्केट में दोनों किनारे से दुकानदारों के द्वारा फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया और दुकानदारों को दुकान के सामान को बाहर ना रखने की सख्त हिदायत दी गई।

# 13 देशों के राजदूतों के साथ भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने मुलाकात किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली(पीआईबी) । भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने भाजपा को जाने अभियान के चौथे चरण में भाजपा मुख्यालय में 13 देशों के राजनयिकों के साथ मुलाकात किया। भाजपा को जाने अभियान दुनिया के अलग-अलग देशों को भाजपा से परिचय कराने का एक मुख्य उद्देश्य है जिसे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शुरू किया है।**




भारतीय जनता पार्टी चाहती है कि अलग-अलग देशों की राजनीतिक व्यवस्था और राजनीतिक दलों के बीच बेहतर संवाद कायम हो सके ताकि हम एक दूसरे को समझ सके और उनके विजन से रूबरू हो सके। भारतीय जनता पार्टी एक स्वस्थ लोकतंत्र और एक दूसरे के सांस्कृतिक मेलजोल हो सके। भाजपा को जाने अभियान के चौथे चरण में भाजपा मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में ऑस्ट्रिया, क्रोएशिया, चेक रिपब्लिक, एस्टोनिया, फिनलैंड, लिथुआनिया, सर्बिया, स्पेन, यूनाइटेड किंगडम, जमैका, मॉरिशस, नेपाल और थाईलैंड के राजनयिक उपस्थित थे।

भाजपा को जाने कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ पार्टी के विदेश विभाग के प्रभारी डॉ विजय चौथाईवाले और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राज्यवर्धन सिंह राठौर के साथ गुरुप्रकाश भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पार्टी के विदेश विभाग के प्रभारी डॉ विजय चौथाईवाले ने किया वही कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजवर्धन सिंह राठौड़ ने किया। भाजपा को जाने कार्यक्रम की शुरुआत पार्टी के 42 वें स्थापना दिवस पर 9 अप्रैल 2022 को हुई थी।

इसका दूसरा चरण 16 मई 2022 को और तीसरा चरण 4 जून 2022 को आयोजित किया गया था। चौथे चरण के संवाद कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा अब तक यूरोपियन यूनियन सहित दुनिया के 47 देशों के राजनयिकों के के साथ संवाद कर चुके हैं। भाजपा को जाने बैठक में अधिकांश राजनयिकों ने भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से देश के बीच जनसंपर्क सांस्कृतिक मेलजोल और अपने-अपने देशों की राजनीतिक पार्टियों के बीच संपर्क तथा विचार विनियम को अपने सुझाव रखें। सभी देशों के राजनयिकों ने भाजपा के संघर्ष और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की भूरी भूरी प्रशंसा किया।

# मुख्यमंत्री ने पत्थलगांव विधानसभा के ग्राम बटईकेला में ग्रामीणों से लिया योजनाओं का फीडबैक

## डोकड़ा ग्राम में 32 केवी का बिजली उपकेंद्र की होगी स्थापना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट मुलाकात के तीसरे चरण की शुरूआत पत्थलगांव विधानसभा के बटईकेला ग्राम के प्राचीन शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर की। उन्होंने भगवान शिव विधिवत पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिए सुख समृद्धि की मंगल कामना की। मुख्यमंत्री ने बटईकेला के हेलीपेड में उतरते ही वहां उपस्थित एक नन्हे बच्चे से बड़ी आत्मीयता के साथ बात करते हुए उसका नाम पूछा और पढ़ाई-लिखाई के संबंध में जानकारी ली।**



बच्चे ने अपना नाम अजय यादव बताया और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पढ़ने की जानकारी दी। मुख्यमंत्री नन्हे अजय के वाकपटुता से प्रभावित हुए और बच्चे की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात के बाद बटईकेला में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण भी किया।

मुख्यमंत्री ने ग्राम बटईकेला के चौपाल में ग्रामीणों की योजनाओं का फीडबैक लिया और उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर प्रेमनगर में घुघरी नदी एवं महादेव मुड़ा में एनीकट निर्माण, डोकड़ा ग्राम में 32 केवी का बिजली उपकेंद्र, डोकड़ा ग्राम में स्टाफआवास के निर्माण, खुटेला में नवीन स्कूल भवन के निर्माण, कांसाबेल ब्लाक में इंडोर स्टेडियम के निर्माण, बटईकेला में 25 लाख रूपए की लागत से सामुदायिक भवन बनाने और महादेव डांड में पुलिस चौकी स्थापित करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने आमजनों से चर्चा में पूछा कि रोज़गार चाहिए कि नहीं, भीड़ में सभी ने हाथ उठा कहा रोजगार चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोज़गार के कई तरीके़ हैं। उन्होंने कहा कि हमने शासकीय नौकरी में 14 हज़ार से अधिक शिक्षकों की भर्ती की है। साथ ही अन्य विभागों में युवाओं को रोजगार मिल रही है। उन्होंने कहा कि रोजगार प्राप्त करने के अन्य तरीके भी हैं। हमने किसानों के लिए योजनाए शुरू की तब रक़बा बढ़ा, किसानो की संख्या और किसानो की आय बढ़ी। साथ ही वनोपज और गोबर ख़रीदी की गई और गौठान में आजीविका के काम किए गए। इन कार्यो में बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात स्थल पर पहुचने के पश्चात छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना की। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि सरकार लोगों के लिए योजनाएं बनाती है, जिसके क्रियान्वयन की जानकारी लेने हम आज आप लोगों से भेंट-मुलाकात करने आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने सार्वभौम पीडीएस लागू किया। 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ किया, इस योजना में साढ़े तीन साल में 2000 करोड़ रूपए की सहायता दी है। उन्होंने कहा कि सरकार बनी तो हमने किसानों का ऋण माफ किया। हमने किसानों की आय को बढ़ाने के लिए कई योजनाएं शुरू की, तब रक़बा भी बढ़ा और किसानों की संख्या भी बढ़ी।

मुख्यमंत्री ने स्वामी आत्मानंद स्कूल योजना को शासन की सर्वश्रेष्ठ योजनाओं में एक बताते हुए कहा कि इस स्कूल में गरीब से गरीब बच्चों को वह शिक्षा और सुविधा मिलेगी जो शहर के निजी स्कूलों में मिलती है। यहां से बच्चे शिक्षा प्राप्त करके अच्छे नागरिक बनेंगे। चौपाल में श्री नारायण यादव ने मुख्यमंत्री को राशन कार्ड न बन पाने की समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि उन्होंने राशनकार्ड के लिए सरपंच के पास आवेदन किया है, किंतु अब तक नही बन पाया है। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। रघुनाथपुर के किसान श्री फणीधर यादव ने बताया कि मैने डेढ़ लाख का कर्ज था। शासन की कर्ज माफी योजना से मेरा पूरा ऋण माफ हो गया साथ ही मुझे राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ मिल रहा है।

# बालको ने जैव ईधन के उपयोग से ग्रीन उर्जा की तरफ बढ़ाया कदम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालकोनगर। भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) द्वारा जैव ईधन के साथ थर्मल पावर उत्पादन के लिए अपने ईंधन मिश्रण को पर्यावरण के अनुकूल बनाने हेतु प्रतिदिन 40-50 टन जैव ईधन का उपयोग किया जा रहा है। इससे जीवाश्म ईंधन पर अपनी निर्भरता को कम करने एवं जैव ईधन खपत की मात्रा को बढ़ाने में मदद मिलेगी। जैव ईधन कृषि अवशेषों से बनाए जाते हैं। सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देने के साथ ही किसानों के कृषि-अपशिष्ट को खरीद कर बालको उनकी आय बढ़ाने में भी योगदान दे रहा है। इससे बालको के ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में सालाना 0.43 मिलियन टन कार्बन डाई आक्साइड के बराबर की गिरावट होगी, जो वेदांता एल्यूमिनियम के वर्ष 2050 तक शून्य कार्बन के लक्ष्य की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा।**



इस दिशा में ध्यान केंद्रित करते हुए बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और निदेशक अभिजीत पति ने कहा कि शून्य कार्बन की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाते हुए बालको छत्तीसगढ़ और भारत के सतत विकास में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रतिबद्ध है। हम अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए विभिन्न पहल कर रहे हैं। ऐसे माध्यमों से हम आने वाली पीढ़ी के लिए एक स्थायी भविष्य बनाने के बड़े टारगेट को हासिल करने का लक्ष्य रखते हैं और हम समर्पित रूप से पर्यावरण, सामाजिक तथा शासन (ईएसजी) के विभिन्न आयामों से एक हरित कल के निर्माण के लिए कटिबद्ध हैं।

बालको को जैव ईधन की आपूर्ति करने वाली कंपनी भूमि एग्रो प्रोड्यूस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक पुलकित सक्सेना ने बालको के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मैं बालको और उसकी टीम के सदस्यों के कोयले की खपत कम करने और जैव ईधन का उपयोग करने के इस सराहनीय कदम की प्रशंसा करता हूँ। ऐसे ग्रीन एनर्जी के उपयोग से पर्यावरण के साथ-साथ कृषि-अपशिष्ट मूल्य श्रृंखला पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, जिसमें छोटे और सीमांत किसान शामिल हैं। बालको जैसे जिम्मेदार संगठन की ये पहल दूसरे संगठनों के लिए एक मिसाल बनेगी। हमें इस पर्यावरण अनुकूल पहल में बालको के भागीदार होने पर गर्व है।

अपने ईएसजी लक्ष्यों की दिशा में काम करते हुए बालको ने हाल ही में विश्वेश्वरैया नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी (व्हीएनआईटी), नागपुर के साथ समझौता (एमओयू) किया था जिसके अंतर्गत बालको और आसपास के क्षेत्रों में होने वाले सड़क निर्माण कार्यों में व्हीएनआईटी द्वारा विकसित ग्रीन कॉन्क्रीट के प्रयोग को बढ़ावा दिया जाना शामिल है। फ्लाई ऐश का 100 फिसदी उपयोग के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु बालको द्वारा सीमेंट उत्पादक कंपनी को रैक के माध्यम से फ्लाई ऐश की आपूर्ति की जा रही है। बालको की वर्तमान दक्षता वैश्विक बेंचमार्क के अनुसार है और देश के एल्यूमिनियम उद्योगों में बालको की विशिष्ट ऊर्जा की खपत सबसे कम है।

### चेम्बर भवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी

# चेम्बर पदाधिकारी और संघो के प्रतिनिधियों ने लिया बढ़ चढ़ कर हिस्सा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि दिनांक 11 जून 2022 को चेम्बर कार्यालय में योग शिविर के आयोजन किया गया।**




जिसमे योग गुरु प्रियंका उपाध्याय के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के लिए चेम्बर और संघो के प्रतिनिधियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। चेम्बर कार्यकारी महामंत्री कपिल दोशी ने बताया कि विगत एक माह से चेम्बर भवन में योग शिविर प्रत्येक शनिवार सुबह 7.15 से 8.15 बजे तक आलोक शर्मा जी के सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है। सभी व्यापारियों में योग एवं स्वास्थ्य के प्रति नई ऊर्जा के संचार हेतु योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे चेम्बर पदाधिकारी और संघो के प्रतिनिधियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, इसबार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को इतिहासिक बनाने के लिए आप सभी से अनुरोध है की अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष पर पधार कर इस अवसर को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाए।

योग शिविर में योग गुरु प्रियंका उपाध्याय ने योग द्वारा कैसे खुद को स्वस्थ रखें कैसे मन को शांत रखें इसके बारे में जानकारी दी। शिविर में योग की शुरुआत त्राटक से की गई यह ध्यान की एक विधि है जिसमें किसी वाह्य वस्तु को टकटकी लगाकर देखा जाता है। इसके लिए त्राटक केंद्र को अपने से लगभग 3 फीट की दूरी पर अपनी आंखों के बराबर स्तर पर रखकर उसे सामान्य तरीके से लगातार बिना पलक झपकाए जितनी देर तक देख सकें देखें। मन में कोई विचार न आने दें। धीरे धीरे मन शांत होने लगता है। योगाभ्यास में आगे चक्रासन, पर्वतासन एवं प्राणायाम भी कराया गया। प्रियंका उपाध्याय ने कहा कि शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में योग मदद करता है। शरीर और मन को शांत करने के लिए यह शारीरिक और मानसिक अनुशासन का एक संतुलन बनाता है। यह तनाव और चिंता का प्रबंधन करने में भी सहायता करता है। योग शिविर में चेम्बर के वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित महिला चेम्बर, युवा चेम्बर एवं अन्य संघों के पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# नफरत और अशांति आजाद भारत की राह नहीं : राहुल गांधी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली (पीआईबी)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ट्वीट करते हुए कहा कि बापू के आदर्श ही स्वतंत्र भारत की नीव है वही नफरत और अशांति आजाद भारत की राह नहीं है । पिछले दिनों भाजपा से निष्कासित नूपुर शर्मा के विवादित बयान पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ कथाकथित विवादित टिप्पणी के मामले को लेकर विवाद थमता नजर नहीं आ रहा।**

जुमा की नमाज के बाद देश के कई शहरों में नुपुर शर्मा के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन हुआ। इस दौरान भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस को भारी मशक्कत भी करनी पड़ी। राहुल गांधी ने कहा कि बापू के आदर्श ही स्वतंत्र भारत की नींव हैं। हमारे देश ने सदा विश्व के सामने सत्य, अहिंसा और भाईचारे की मिसाल कायम की है। नफ़रत और अशांति हमारी राह नहीं है।

भारत को जोड़ना, आपसी सद्भावना रखना सभी देशवासियों की ज़िम्मेदारी है।इससे पहले राहुल गांधी ने बेरोजगारी के मुद्दे को उठाते हुए कहा था कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुजरात में बेरोजगारी की स्थिति से जुड़ी एक खबर का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 'बेरोजगारी मॉडल' को पूरे देश में फैला दिया है। उन्होंने जिस खबर का हवाला दिया उसमें कहा गया है कि गुजरात में 3,400 पदों के लिए 17 लाख से अधिक लोगों ने आवेदन किया। बता दें कि नेशनल हेराल्ड से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 13 जून को ईडी की तरफ से पूछताछ के लिए बुलाया गया है।
































## खास-खबर

### धरसींवा क्षेत्रांतर्गत में गांजा, पिस्टल व जिंदा कारतूस के साथ आरोपित गिरफ्तार

**रायपुर ( ए )।** थाना धरसींवा क्षेत्रांतर्गत सिलतरा में गांजा, पिस्टल और जिंदा कारतूस के साथ आरोपित बंटी साहा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुखबिर से सूचना मिली कि धरसींवा क्षेत्रांतर्गत सिलतरा फेस-1 स्थित गेट नंबर-1 के सामने एक व्यक्ति ने बाइक में बोरी में गांजा रखा है और उसे बेचने की फिराक में है। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी धरसींवा के नेतृत्व में टीम ने उक्त स्थान पर जाकर मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर उस व्यक्ति और बाइक की पतासाजी करते हुए पकड़ा। जब बोरी की तलाशी ली गई तो बोरी में गांजा रखा होना पाया गया। आरोपित के कब्जे से लगभग 19 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। आरोपित ओडिशा से गांजा लेकर आया था। रायपुर के अलग-अलग क्षेत्रों में सप्लाई कर रहता था। आरोपित की जब चेकिंग की गई तो उसके पास से एक नग पिस्टल और दो नग जिंदा कारतूस मिले। पूछताछ में उसने पिस्टल व जिंदा कारतूस को झारखंड से लाना बताया। आरोपित किसी ड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से पिस्टल एवं जिंदा कारतूस लेकर घूम रहा था।

### चाकू की नोक पर लूटने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर ( ए )।** चाकू टिकाकर लूट की वारदात करने वाले पांच आरोपितों को आमानाका थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों में तीन नाबालिग हैं। प्रार्थी खुमेश समरित बाइक से रायपुर स्टेशन से अपने घर चंदनडीह जा रहे थे। गुरुवार की रात तकरीबन 12 बजे टाटीबंध चौक के पास तीन बाइक में कुछ लड़के आए। इसके बाद चलती बाइक पर पैर से धक्का दिया। प्रार्थी वहां रुक गए। उन पर आरोपितों ने चाकू टिकाकर 11 सौ रुपये और मोबाइल फोन लूट लिया। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की। आरोपितों की पहचान होने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने राहुल कन्नौजे, रूपेश गिरी और तीन नाबालिगों को गिरफ्तार किया है।

### स्कार्पियो की टक्कर से इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र की मौत

**बिलासपुर ( ए )।** शनिवार की सुबह कॉलेज जा रहे इंजीनियरिंग कालेज के छात्र की सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक अपनी बाइक से कालेज जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार स्कार्पियो के चालक ने बाइक सवार को ट-र मार दी। हादसे की सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक का अंतिम संस्कार रविवार को होगा। दयालबंद क्षेत्र के नारियल कोठी में रहने वाले आयुष उर्फ पीयूष पाठक चौकसे इंजीनियरिंग कालेज में प्रथम वर्ष के छात्र थे। शनिवार की सुबह 11 बजे अपनी बाइक से कालेज जा रहे थे। ओवरब्रिज के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार स्कार्पियो के चालक ने मोड़ पर अचानक अपने वाहन को मोड़ दिया। इससे बाइक सवार अनियंत्रित होकर स्कार्पियो से जा टकराया। हादसे में बाइक सवार छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सिर और चेहरे पर चोटे आई थी। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। इस बीच स्कार्पियो के चालक श्रवण साहू ने घायल को अपने वाहन से सिम्स पहुंचाया। सिम्स में डाक्टरों ने छात्र को मृत घोषित कर शव चीरघर भेज दिया।

# रामचंडी मंदिर की दानपेटी का तोड़ा ताला, जेवरात सहित नगदी ले गये चोर

**महासमुंद (ए)।** बसना गढ़फुलझर स्थित प्रसिद्ध रणेश्वर रामचंडी मंदिर बीती रात अज्ञात चोरों ने दान पेटी का ताला तोड़कर नगदी रुपए सहित सोना चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए हैं। शनिवार सुबह चोरी की सूचना मिलते ही समिति के अध्यक्ष ने पुलिस थाना पहुंचे और एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर पतासाजी में जुट गई है। बता दें कि आरोपी की हरकतें मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।



थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस निखिल रायखेचा का कहना है कि मंदिर में चोरी हुई है। पुलिस के अनुसार ग्राम नानकसागर निवासी व रामचंडी मंदिर संचालन समिति गढफुलझर के अध्यक्ष कमलचंद प्रधान ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि शनिवार सुबह 7 बजे मंदिर के पुजारी प्रमोद प्रधान की सूचना पर मंदिर आकर देखा तो मंदिर का ताला टूटा हुआ था एवं मंदिर के सामने दान पेटी भी टूटा हुआ था।

अंदर गर्भ गृह में रखे आलमारी का भी ताला टूटा था। उसमें रखे नथनी सोने का 3 नग, चैन वाला नथनी 1 नग एवं चांदी का मुकुट छोटा 2 नग, बड़ा 1 नग, चांदी का हार सोना कलर 1 नग, एक बड़ा नथनी एवं एक चम्मच कुल 15000, आलमारी में रखे 30000 व दान पेटी के 10000 रुपए कुल 55,000 रुपए को अज्ञात ने चोरी कर लिया।

### सीसीटीवी फुटेज में दिखे तीन आरोपी

मंदिर में लगे सीसीटीवी फुटेज के अनुसार मंदिर के अंदर तीन युवक प्रवेश किए हैं। इसके बाद तीनों ने अलग-अलग जगहों से सोने चांदी, नगदी रुपए व दान पेटी के रुपए को चोरी कर फरार हो गए। इधर, पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने में लगी हुई है। आरोपियों ने यह वारदात गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात को अंजाम दिया है।

# गमला दुकान संचालक से लूटपाट करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद ( ए )।** बागबाहरा में घर के बाहर सोए हुए व्यक्ति से बटन चाकू दिखाकर लूटपाट की घटना सामने आई है। लुटेरे व्यक्ति से 2 हजार 200 रुपए नगदी व मोबाइल लूटकर फरार हो गए। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस ने घटना के कुछ ही घंटे बाद दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी अब भी फरार है, जिसकी पतासाजी की जा रही है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार दोनों आरोपी आदतन बदमाश हैं और कई बार आर्म्स एक्ट व अन्य मामलों में जेल जा चुके हैं।

थाना प्रभारी स्वराज त्रिपाठी ने बताया कि एचडीएफसी बैंक के पास सीमेंट गमला दुकान के संचालक सुजात खान पिता असमल खान से लूटपाट करने के आरोप में घटना के कुछ ही घंटे बाद बागबाहरा के साहिल होरा व हबीब खान को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना में शामिल शेख अकबर अभी फरार है, जिसकी खोजबीन चल रही है। बता दें कि जो आरोपी फरार है उसके पास ही बटन चाकू है। इधर, थाना प्रभारी का कहना है कि तीसरे आरोपी का भी सुराग मिल गया है और टीम रवाना भी हो गई है।

### 9 जून को ऐसे घटित हुई लूट की वारदात

पुलिस के अनुसार एचडीएफसी बैंक बागबाहरा के पास रहने वाला सुजात खान पिछले दो साल से सीमेंट का गमला बनाने का काम कर रहा है। 9 जून की रात को खाना खाने के बाद घर के बाहर ही खाट लगाकर सो गया। रात सवा 12 बजे बागबाहरा के साहिल होरा, हबीब खान और शेख अकबर तीनों दुकान के पास नीले रंगे की बाइक क्रमांक सीजी 06 जीजी 9235 में आए और हाथ मुक्का से मारपीट किया। इसके बाद अपने पास रखे बटन चाकू का दिखाकर धमकाते हुए जेब में रखे नगदी रुपए व मोबाइल छीनकर फरार हो गए।

# नकली नोट खपाने वाले 3 गिरफ्तार

**महासमुंद ( ए )।** ओडिशा से नकली नोट लेकर खपाने आ रहे दो बाइक सवार तीन युवक को साइबर सेल और सांकरा पुलिस की संयुक्त टीम ने पकड़ा है। इनके पास से पुलिस ने 2 लाख 20 हजार 700 रुपए के नकली नोट जब्त किए हैं। इसमें 500 व 200 रुपए के नोट शामिल हैं। पकड़े गए आरोपी बिलईगढ़ बलौदाबाजार, भंडारपुरी ओडिशा व सांकरा जिला महासमुंद के रहने वाले हैं।

इधर, पकड़े गए आरोपी से पूछताछ के दौरान पता चला कि इन आरोपियों को एक व्यक्ति नकली नोट खपाने के लिए देता था। पुलिस उक्त व्यक्ति के बारे में जानकारी जुटाने के बाद पतासाजी कर रही है, लेकिन अब तक उस तक पहुंच नहीं पाई है।

पुलिस अधीक्षक विवेका शुक्ला ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि नकली नोट खपाने के लिए ओडिशा से चार लोग बाइक में महासमुंद आ रहे हैं। सूचना मिलते ही साइबर सेल व सांकरा की संयुक्त टीम ने परसवानी चौक ओवरब्रिज के नीचे घेराबंदी कर दो बाइक सीजी 06 जीएस 9872 व सीजी 10 एडब्ल्यू 2458 में सवार तीन को हिरासत में लिया और उनके पास से नकली नोट बरामद किया।

भीड़भाड़ में नकली नोट खपाने के आरोप में ग्राम मलदी थाना बिलाईगढ़ जिला बलौदाबाजार निवासी पुनी राम पिता भगत राम पटेल (38), ग्राम भण्डारपुरी थाना झारबंद जिला बरगढ़ ओडिशा निवासी आलेख पिता कंदर्प बरिहा (40) और ग्राम जेराभरन थाना सांकरा महासमुंद निवासी प्रफुल्ल बारिक पिता दुर्योधन बारिक (24) को गिरफ्तार किया गया है।

# पंडरी कपड़ा मार्केट में एक साथ तीन दुकानों के टूटे ताले, 12 लाख की चोरी

**रायपुर।** राजधानी के पंडरी कपड़ा मार्केट में शुक्रवार की देर रात तीन दुकनों के शटर का ताला तोड़कर 12 लाख रुपये से ज्यादा की नकदी चोरी हुई है। देवेंद्रनगर थाने की पुलिस घटनास्थल से मिले सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच में जुट गई है। सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति कैद हुआ है। आरोपित की तलाश में एक टीम दूसरे जिले में भी रवाना हो गई है।

देवेंद्र नगर थाने की पुलिस के अनुसार, एमएम कलेक्शन के प्रबंधक पाथ घोष ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दुकान से दो लाख की चोरी हुई है। वहीं, लाक-पुल के संचालक विवेक कुमार ने साढ़े नौ लाख रुपये और सीएम डेकोर के मैनेजर ने संस्थान से 50 हजार रुपये नकदी चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।



### बांस के सहारे छत पर चढ़ा चोर

जिन दुकानों में चोरी की घटनाएं हुई हैं, उनकी छत आपस में जुड़ी हुई हैं। जिन दुकानों में चोरी हुई है, उनके बगल के एक अन्य दुकान में काम चला रहा है, जहां बांस-बल्ली लगी हुई थी। चोर उसी के सहारे छत पर चढ़ा। इसके बाद दूसरी दुकान के छत पर कूदकर गया है। इसके बार छत के ऊपर लगे सीमेंट की सीट को तोड़कर अंदर प्रवेश किया है। लिफ्ट के सहारे नीचे दुकान तक पहुंचा और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर की सारी हरकतें सीसीटीवी में कैद हुई है।

### थाने से केवल 500 मीटर दूर दुकानें

चोरी की घटना देवेंद्र नगर थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर हुई है। दुकानों के आसपास बैंक भी हैं, जहां सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं। साथ ही मार्केट की सुरक्षा के लिए अलग से सुरक्षाकर्मी की तैनाती की गई है। तीन से चार सुरक्षाकर्मी होने के बावजूद उन्हें चोरी की भनक नहीं लगी।

### पुलिस को मिली है अहम जानकारी

पंडरी कपड़ा मार्केट में चोरी की वारदात हुई है। कुछ अहम जानकारी पुलिस को मिली है।

**- प्रशांत अग्रवाल, एसएसपी, रायपुर**

# हिस्ट्रीशीटर की चाकू से गोदकर हत्या, दो गिरफ्तार

**रायपुर ( ए )।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर इलाके में एक हिस्ट्रीशीटर की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मुख्य आरोपित फरार है, जिसकी तलाश में टीम लगी है। बता दें कि दो दिन के भीतर बदमाशों ने चाकू से गोदकर दूसरी हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। वहीं आठ दिन की बात करें तो हत्या की पांच घटनाएं हुई है। सात मामलों में आरोपित जेल की सलाखों में हैं। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार रात सिविल लाइन थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर में तीन बदमाशों ने हिस्ट्रीशीटर जयराम चंदानी उर्फ जय बिहारी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या की घटना में शामिल एक नाबालिग और दीपू नेताम को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक जय बिहारी की हत्या के आरोप में दीपू नेताम को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य आरोपित बाबा श्रीवास्तव फरार है। मिली जानकारी के अनुसार जयराम ने बाबा, दीपू और एक अन्य नाबालिग को अपने घर में बुलाकर पार्टी दी थी। सभी ने बैठकर शराब पी। इसके बाद बिरयानी मंगवाई। इस बीच पुरानी बात को लेकर विवाद हुआ और चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई।

### वीडियो आया सामने

खाना खाने के बाद सभी जयराम के घर के बाहर बैठे हुए थे। एक बार फिर पुरानी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपितों ने चाकू से जयराम पर ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर दिया। वहां कुछ लोग निकल रहे थे, जिन्होंने गाड़ी रोक दी। आरोपित मौके से फरार हो गए। इस घटना को लेकर थाना प्रभारी सत्यप्रकाश तिवारी ने कहा कि फरार आरोपित को शीघ्र ही दबोच लिया जाएगा।

### चोरी करके भागने पर आरोपितों को पुलिस ने मौके पर पकड़ा

**रायपुर ( ए )।** थाना गंज क्षेत्रांतर्गत तेलघानी नाका स्थित सराफब्रदर्स दुकान में चोरी करके फरार होने के दौरान मौके से आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित सुरेश कुमार साहू सराफब्रदर्स दुकान के शटर में लगे ताले को तोड़कर अंदर प्रवेश कर 28 नग चांदी के सिक्का चोरी कर लिए थे। आरोपित के कब्जे से चांदी के सिक्का और घटना में प्रयुक्त लोहे के राड को जब्त किया गया है। पुलिस की तत्परता एवं सजगता से चोरी के आरोपित को तत्काल गिरफ्तार किया गया।

### थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत चोरी का आरोपी गिरफ्तार


**रायपुर ( ए )।** कोतवाली थाना क्षेत्र में चोरी की घटना के अंजाम देने वाले शातिर चोर सरफराज अहमद उर्फलबी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रार्थी मयंक बेगानी नौ जून की रात अपने घर में ताला लगाकर खाना खाने ढाबा गया था। वापस लौटकर आने पर देखा कि मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था। अज्ञात चोर अलमारी में रखे सोने और चांदी के जेवर चुरा ले गया था। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने आरोपित की पतासाजी की और गिरफ्तार किया।

# आधी रात बिरयानी खा रहे युवक को दोस्तों ने कैंची से गोदकर मारा

**रायपुर (ए)।** राजेंद्र नगर में शुक्रवार-शनिवार दरमियानी रात 3 बजे आपसी विवाद पर तीन दोस्तों ने अपने साथी की कैंची घोंपकर हत्या कर दी। आरोपी और मृतक मोहल्ले के चबूतरे में बैठकर बिरयानी खा रहे थे। इसी दौरान पुरानी बातों का जिक्र छिड़ा और उनके बीच विवाद हो गया। तीन आरोपियों ने युवक को पीटा फिर कैंची से 6-7 बार उसके पेट पर वार कर दिया।

फिर लहूलुहान युवक को अंधेरी गली में छोड़कर भाग निकले। घटना का सीसीटीवी फुटेज वायरल हुआ है। पुलिस ने कुछ घंटों के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया लेकिन दो दिनों में सरेराह हत्या की दो वारदातों और चाकूबाजी की आधा दर्जन घटनाओं से नाइट पुलिसिंग कटघरे में आ गई है।

मृतक जय चंदानी उर्फ बिहारी (30) का मकान शिव मंदिर के पास है। वह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था। वह शुक्रवार-शनिवार की रात पड़ोस में रहने वाले राधेश्याम श्रीवास्तव उर्फ बाबा (30), दीपू नेताम(22)और 17 साल के नाबालिग के साथ घर के पास चबूतरे में बैठकर बिरयानी खा रहा था। इसी दौरान पुरानी बातों का जिक्र छिड़ गया और उनके बीच विवाद शुरू हो गया। मृतक जय का एक आरोपी की बहन से प्रेम संबंध था। विवाद इसी बात का है।



### एसएसपी उतरे सड़क पर

चाकूबाजी, लूट और चोरी की बढ़ती घटनाओं को रोकने एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने शनिवार रात अधिकारियों की बैठक ली। उसके बाद देर रात वे खुद फोर्स लेकर सड़क पर उतर गए। शहर के अलग-अलग इलाके के गली-मोहल्ले में में पैदल गश्त की। इस दौरान संदिग्ध घूमने वालों की जांच की गई। इस दौरान एक युवक के पास गुप्ती और दूसरे के पास चाकू मिला है। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस बीच एक दर्जन जगहों से अड्डेबाजी करने वाले को खदेड़ा गया। एसएसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि शाम 6 बजे के बाद अधिकारी खुद फोर्स लेकर निकले और पैदल घूमें। संतोषी नगर में गुरुवार रात 12.30 बजे अवीवा ग्रीन सिटी के अमान खान(20) की हत्या का वीडियो फुटेज सामने आया है। फुटेज में दिख रहा है कि आरोपी उसे दौड़ा-दौड़कर बेरहमी से मार रहे हैं। वहीं डंगनिया में शुक्रवार शाम 7 बजे भरत साहू पर पुरानी रंजिश के चलते मयंक सोनी उर्फ नीशु ने हमला कर दिया। आरोपी ने ब्लेड से भरत के चेहरे और गले में हमला किया। गुरुवार रात केनाल रोड पर कान्हा सोना पर बाबा यादव ने सब्जी काटने वाले चाकू से हमला कर दिया। कान्हा की हालत गंभीर है। एक डराने वाली घटना टाटीबंध इलाके में हुई है। गुरुवार शाम राकेश डहरिया नामक आरोपी ने 16 साल की नाबालिग के घर घुसकर उस पर चाकू से कई बार हमला किया। उसकी हालत नाजुक है। वहीं बीएसयूपी कॉलोनी में गुज्जर ध्रुव और उसके भाई ने चार लोगों पर चाकू से जानलेवा हमला किया। चारों को गंभीर चोट आई है। इसके अलावा उरला, खमतराई, कबीर नगर इलाके में चाकूबाजी की घटनाएं हुई हैं।

### नाइट गश्त में 250 जवान

राजधानी में रोजाना रात 12-5 बजे तक एक एडिशनल एसपी, दो डीएसपी और 5 इंस्पेक्टर की ड्यूटी लगाने का सिस्टम है। रायपुर के 260 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में 20 लाख की आबादी की सुरक्षा का जिम्मा केवल 250 जवानों पर रहता है। कई बार ऐसा होता है कि इससे कम फोर्स फील्ड में रहती है।

Authorised For : SOMANY Wall & Floor Tiles
JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.
orientbell tiles
All Size of Tiles, Granite and Sanitaries
SHRI BALAJI TILES
Krishna Talkies Road, SBI Building, Opp. Church, Risali, Bhilai-490006 Distt.-Durg (C.G.), Mo.-9518326808
E-mail:- balajitilescg@gmail.com

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

**खास - खबर**

## पावर एंड ब्लोईंग स्टेशन ने दैनिक पावर जेनरेशन में रचा नया कीर्तिमान

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के पावर एंड ब्लोईंग स्टेषन (पीबीएस) ने औसत दैनिक पावर जेनरेशन में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 10 जून, 2022 को कोक ओवन बैटरी-11 के बैक प्रेषर टरबो जेनरेटर (बीपीटीजी) जिसे पावर एंड ब्लोईंग स्टेषन द्वारा प्रबंधित व प्रचालित किया जाता है इस बैक प्रेषर टरबो जेनरेटर (बीपीटीजी) से पीबीएस टीम ने 3.84 मेगावाट बिजली उत्पादन कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस कीर्तिमान के साथ 4 फरवरी, 2022 को बनाये गए 3.80 मेगावाट बिजली उत्पादन के अपने पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। विदित हो कि बैटरी-11 के 90 ओवन पुषिंग से पीबीएस टीम ने 3.84 मेगावाट बिजली बनाकर एक नया कीर्तिमान हासिल किया है।

## सदगुरु कबीर साहेब प्रगटोत्सव एवं संभागीय सतसंग समारोह कल से

**दुर्ग।** संभागीय समभाव सदगुरु कबीर कुटि सिविल लाईन दुर्ग के तत्वाधान में पहली बार दुर्ग शहर में सदगुरु कबीर साहेब की सुक्ष्म प्रेरणा से सिविल लाईन स्थित शितला तालाब पार समभाव सदगुरु कबीर कुटि के सामने 13 व 14 जून को संभागीय स्तर पर संत कबीर साहेब प्रगटोत्सव एवं विशाल संत समागम का कार्यक्रम आयोजित है।

# साइकिल से वार्ड भ्रमण पर निकले महापौर ने सुअर पालकों को दी चेतावनी

### सड़क पर बिल्डिंग मटेरियल रखने वालों को दिया व्यवस्थित करने का निर्देश

### अनुपयोगी शाला भवन का संधारण कर खिलाड़ियों को कराया जाएगा उपलब्ध

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई - 3 ।** साइकिल पर शहर के वार्डों का भ्रमण करने निकले महापौर निर्मल कोसरे ने रहवासी क्षेत्र में हो रही सुअर पालन पर नाराजगी जताई। उन्होंने सुअरों के चलते गंदगी फैलने का हवाला देकर शहर से बाहर व्यवस्थित रूप से सुअर पालन करने की चेतावनी दी। श्री कोसरे ने सड़क पर बेतरतीब ढंग से रखे गए बिल्डिंग मटेरियल को व्यवस्थित नहीं करने पर सड़क बाधा शुल्क वसूलने और सामग्री जप्त करने की भी चेतावनी दी है। इसी दौरान उन्होंने कन्या शाला के अनुपयोगी भवन का संधारण कर खिलाड़ियों को उपलब्ध कराने की सहमति प्रदान की।



शहर की सड़कों पर आवारा सुअर के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। साथ ही सुअरों की फैलाने वाली गंदगी से शहरवासी भी परेशान हैं। लोगों को हो रही इस समस्या से आज महापौर निर्मल कोसरे का भी सामना हुआ। श्री कोसरे पिछले दो रविवार की तरह आज साइकिल में सवार होकर भिलाई-3 के विभिन्न वार्डों में पहुंचे। उन्होंने अलसुबह वसुंधरा नगर दक्षिण से वार्ड भ्रमण कार्यक्रम का आगाज किया। शांति नगर, विश्व बैंक कालोनी, एकता नगर, शांति पारा, नूतन चौक होते हुए बाजार वार्ड का महापौर ने निरीक्षण किया और लोगों से विकास को लेकर उनकी प्राथमिकता पूछी।

महापौर निर्मल कोसरे को ज्यादातर लोगों ने सुअरों के चलते हो रही परेशानी से अवगत कराया। नूतन चौक में पालिका काल में मटन मार्केट विकसित करने के उद्देश्य से बनायी गई दुकानों पर हो रहे सुअर पालन और उन भवनों की उपयोगिता नजर नहीं आने से उन्हें ध्वस्त कर पार्किंग स्थल बनाने का निर्देश महापौर ने दिया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थित रूप से रहवासी क्षेत्र से बाहर सुअर पालन करने की हिदायत संबंधित सुअर पालकों को दी।

शासकीय कन्या शाला के मैदान में कराटे का अभ्यास कर रहे खिलाड़ियों ने परिसर के अनुपयोगी शाला भवन का संधारण कर उन्हें प्रदान करने की मांग रखी।

महापौर निर्मल कोसरे ने इस पर सहमति जताते हुए अधिकारियों को भवन संधारण का प्रस्ताव बनाने का आदेश दिया। विश्व बैंक कालोनी में भूजल स्तर नीचे चले जाने से पानी की हो रही दिक्कत को देखते हुए टेंकर से जलापूर्ति में समयावधि बढ़ाने का निर्देश दिया। वहीं वाम्बे आवास में रहने वाले श्रमिक वर्ग को हो रही असुविधा को देखते हुए सुबह 7 से 8 बजे के बजाय एक घंटा पहले सुबह 6 बजे नल खोलने का आदेश आपरेटर को दिया गया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश धिंगाणी, एमआईसी सदस्य मोहन साहू, एस. वेंकट रमना, एम. जॉनी,, पार्षद डे साहब वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री पप्पू चन्द्राकर, एल्डरमैन राजेश बघेल, अधिवक्ता विकास चौधरी, बीएन राजू, मिलिंद दानी, युवराज कश्यप, आनंद टेम्बुरकर, इंद्रजीत यादव, मोहम्मद आमिर, अमरान अहमद, उमेश वर्मा आदि उपस्थित थे।

राम लखन मिश्रा बने महासचिव

# अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा ने सरयूपारीय ब्राह्मण समाज की कार्यकारिणी घोषित

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सरयूपारीय ब्राह्मण समाज के नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा ने अपनी कार्यकारिणी घोषित किया है। महासचिव राम लखन मिश्रा को बनाया गया है। वहीं युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राम विलास मिश्रा होंगे। कार्यकारिणी में 31 लोगों को स्थान दिया गया है।घोषित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर चंद्रशेखर पाण्डेय उमेश कुमार शुक्ला उमेश पाण्डेय नागेन्द्र पाण्डेय संजय पाण्डेय जेएन तिवारी सचिव पद पर प्रदीप चंद्र पाण्डेय अनिल मिश्र विष्णु पाठक रविन्द्र शुक्ला संजय कुमार मिश्रा मनीष कुमार पाण्डेय एवं सुनील मिश्रा की नियुक्ति की गई है।

कार्यालय सचिव दिनेश मिश्रा कोषाध्यक्ष कैलाश पाठक होंगेकार्यकारिणी सदस्य के रूप में शिव शंकर तिवारी राजमणि दुबे डॉ. अखिलेश त्रिपाठी दीपक मिश्रा राम विलास मिश्रा राम बिहारी मिश्रा कृष्ण कुमार दुबे राजेन्द्र दुबे विजय शुक्ला त्रिभुवन पाण्डेय अशोक तिवारी श्रीमती कुमुद द्विवेदी श्रीमती शशिप्रभा मिश्रा अशोक दुबे मनीष तिवारी को स्थान दिया गया है। स्थायी आमंत्रित सदस्य राम मिलन दुबे गिरिजा शंकर पाण्डेय डॉ. एसएन द्विवेदी कन्हैया लाल तिवारी शंकर चरण पाण्डेय बनाए गए हैं।विशेष आमंत्रित सदस्य त्रिभुवन नाथ पाण्डेय गया प्रसाद शुक्ला एनपी मिश्रा राज नारायण तिवारी हरि कृष्ण पाण्डेय जानकी शरण पाण्डेय विनोद चौबे अवधेश दुबे आरके पाण्डेय महेश तिवारी एवं सुभाष तिवारी हैं।

युवा प्रकोष्ठ प्रभारी राजमणि दुबे एवं अध्यक्ष राम विलास मिश्रा होंगे।महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी श्रीमती शशिप्रभा मिश्रा को बनाया गया है। फिलहाल महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष का नाम घोषित नहीं किया गया है। सदस्यता प्रभारी राम लखन मिश्रा सह प्रभारी विजय शुक्ला एवं त्रिभुवन पाण्डेय को बनाया गया है।

# संभागायुक्त ने नागरिकों का किया सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** रोटरी क्लब ऑफ भिलाई स्टील सिटी द्वारा श्रेष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन होटल सेन्ट्रल पार्क सुपेला में किया गया। इसमें अलग-अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पांच श्रेष्ठ नागरीक सम्मानित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग संभागायुक्त महादेव कावरे व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल उपस्थित थे। संस्था के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दुर्ग जिला संभागायुक्त महादेव कावरे ने कहा कि समाज के श्रेष्ठ लोगों को सम्मानित किया जाना रोटरी क्लब ऑफ भिलाई स्टील सिटी का एक सराहनीय पहल है। कावरे ने पर्यावरण पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि आज जिस प्रकार गर्मी बढ़ती जा रही है, यह पेड़ों की कमी के कारण ही है। जगह-जगह निर्माण कार्यों की वजह से पेड़ों को काटे जा रहे है, यह चिंता का विषय है। उन्होंने आयोजन में उपस्थित लोगों सहित आम जनता को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। कावरे ने कहा कि पर्यावरण बचाने पौध रोपण इसलिए भी अति आवश्यक है ताकि आगे आने वाली पीढ़ी को एक स्वच्छ पर्यावरण व वातावरण मिल सके। उन्होंने कार्यक्रम में सम्मान पाने वाले व्यक्तियों को बधाई दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीनियर रोट्रेरियन सीएस बाजवा ने रोटरी क्लब ऑफ भिलाई स्टील सिटी का संक्षिप्त परिचय दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लोग एक दूसरे के बुराई करने में ही समय बीता देते हैं, अच्छाई का कोई प्रशंसा नहीं करता। अगर हम अच्छाइयों का सम्मान लगातार करते रहे तो समाज से बुराईयां अपने आप कम हो जाएगी।

# एसपी-3 विभाग के कार्मिक शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के एसपी-3 विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को दिनांक 11 जून, 2022 को शिरोमणि पुरस्कार योजना के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विभाग प्रमुख, अनुभाग प्रमुखों एवं कार्मिक अधिकारियों के उपस्थिति में कार्मिकों को विभाग प्रमुख के द्वारा सामाजिक दूरी को बनाये रखते हुए पुरस्कार प्रदान किया गया।



एसपी-3 विभाग में दिनांक 11 जून, 2022 को सम्पन्न हुए कार्यक्रम में एस व्ही नंदनवार, मुख्य महाप्रबंधक (एसपी-3), एम आर के शरीफ, महाप्रबंधक (मेकेनिकल), ए के बेडेकर, महाप्रबंधक (ऑपरेशन), एस सुनोव, महाप्रबंधक (मेकेनिकल), विवेक श्रीवास्तव, सहायक महाप्रबंधक (इलेक्ट्रिकल), दिनेश मानिकपुरी, सहायक प्रबंधक (मेकेनिकल) व अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी अधिकारियों के उपस्थिति में विभाग प्रमुख द्वारा माह मई-2022 के लिए राजेश सिंह, मास्टर टेक्नीशियन को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में विभाग प्रमुख व मुख्य महाप्रबंधक (एसपी-3) एस व्ही नंदनवार ने राजेश सिंह की सराहना करते हुए कहा कि वे इस विशेष पुरस्कार के लिये योग्य उम्मीदवार थे। इस प्रकार के पुरस्कार भविष्य में और अच्छा कार्य करने की प्रेरणा देते है।

इससे अन्य कार्मिक भी उत्साहित होते हैं। उन्होंने कहा कि राजेश सिंह अपने कार्यक्षेत्र में अन्य कर्मचारियों से सुरक्षा के नियमों का पालन करते हुए बेहतर कार्य करने के लिये प्रेरित करें। महाप्रबंधक (मेकेनिकल) एम आर के शरीफने कहा कि राजेश सिंह अपने कार्य को पूरी जिम्मेदारी के साथ एवं उससे संबंधित समस्याओं का समाधान तकनीकी दृष्टिकोण को अपनाकर पूर्ण करते हैं। इस कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अधिकारियों ने भी राजेश सिंह के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दिया।

विदित हो कि शिरोमणि पुरस्कार योजना भिलाई इस्पात संयंत्र में वर्ष 2018 में लागू किया गया था। इस योजना के अन्तर्गत प्रत्येक विभाग में हर महीने उत्कृष्ट कार्य करने पर कार्मिक को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। कर्म शिरोमणि पुरस्कार के अंतर्गत कार्मिक को प्रशस्ति पत्र, पत्नी के लिए प्रशंसा पत्र, स्मृति चिन्ह एवं मिठाई प्राप्त करने के लिए कूपन प्रदान किया जाता है।

# शंकर नाला कार्य के शेष बचे छोटे से पुलिया कार्य में लेट लतीफपर कमिश्नर ने लगाई ठेकेदार को फटकार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम, दुर्ग क्षेत्रांतर्गत स्थित शहर का सबसे बड़ा नाला जो कि उत्कल कॉलोनी वार्ड क्रमांक 47, 48 से शुरू होकर उरला के अंतिम छोर होते हुए शिवनाथ नदी में जाकर मिलता है ऐसे बडे नाले का निर्माण कार्य लगभग पूर्णतः की और है विधायक अरूण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल और आयुक्त हरेश मण्डावी लगातार शंकर नगर नाला निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते रहते है एवं इसी सक्रियता के कारण आज शंकर नगर नाला का निर्माण कार्य पूर्णतः की ओर अग्रसर है । आज निगम आयुक्त हरेश मण्डावी ने



आकस्मिक रूप से विभागीय अधिकारियों के साथ शंकर नगर नाला के निर्माण कार्यो का जायजा मौके पर जाकर लिया एवं उन्होने पाया कि शंकर नाला निर्माण कार्य के संतराबाडी के पास छोटे से पुलिया निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा लेटलतीफी की जा रही है उन्होने वही पर उपस्थित ठेकेदार को कार्य में लेटलतीफी के लिए फटकार लगायी एवं विभागीय अधिकारी कार्यपालन अभियंता एवं सहायक अभियंता को निर्देशित किया कि 20 जुन तक उक्त कार्य को पूर्ण करने हेतु संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करे एवं निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत कार्य पूर्ण करावे अन्यथा संबंधित ठेकेदार एवं अधिकारियो के विरूद्ध जवाबदेही तय की जावेगी ।उन्होने अधिकारियों को निर्देशित कर कहा कि आप लोग स्वयं प्रतिदिन फील्ड में रहकर निर्माण कार्यो की प्रगति का जायजा ले एवं मुझे अवगत करावें । निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता आर0के0 पाण्डेय, सहायक अभियंता आर0के0 जैन, उपअभियंता सुरेश केवलानी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली एवं संबंधित ठेकेदार उपस्थित थे।

# लोक सेवा आपरेटर संघ दुर्ग संभाग ने सीएम बघेल से की लोक सेवा केन्द्रों में कार्यरत कर्मचारियों को नियमित करने की मांग

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छ.ग. शासन सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत राज्य के प्रत्येक तहसील, उप तहसील, नगर पंचायत, नगर निगम तथा जिला कार्यालयों में लोक सेवा केन्द्रों की स्थापना वर्ष 2014 में लोक सेवा केन्द्र में आपरेटरों की नियुक्ति की गई है। लोक सेवा केन्द्र में लोक सेवा आपरेटर के द्वारा कार्यालयों में प्राप्त सभी प्रकार की आवेदनों का आनलाईन प्रविष्टी किया जाता है, साथ ही सम्बंधित कार्यालय के अन्य कार्य जैसे निर्वाचन कार्य में भी समय समय पर सहयोग किया जाता है।




छ. ग. शासन द्वारा संचालित लोक सेवा केन्द्र में नागरिकों / आवेदकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिये लोक केन्द्र आपरेटर द्वारा कार्यालयीन समय के पश्चात भी अतिरिक्त समय में कार्य किया जाता है। शासकीय विभागों में संचालित लोक सेवा केन्द्रों में सभी आनलाईन सेवाओं को शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम शुल्क के आधार पर ही लोक सेवा केन्द्र आपरेटरों द्वारा सेवाएँ प्रदान किया जा रहा है । परन्तु समय बितने के पश्चात लोक सेवा केन्द्र आपरेटरों को शुल्क के रूप में न्यूनतम आय प्राप्त होती है।

छ.ग. शासन द्वारा लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 के अंतर्गत संचालित लोक सेवा केन्द्रों में कुल 177 तरह की सेवाएँ प्रदान किया जाना प्रस्तावित है परन्तु वर्तमान में मुख्यतः आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, राजस्व सेवा में ई-कोर्ट केस पंजीकरण के अलावा अन्य किसी प्रकार की सेवाऐं पूरी तरह से संचालित नहीं होने के कारण लोक सेवा केन्द्र आपरेटर की आय में भारी कमी हुई है।

छ.ग. शासन द्वारा शासकीय कार्यालयों में संचालित लोक सेवा केन्द्र द्वारा दी जा रही सेवाओं को अन्य संस्थाओं द्वारा उन्हीं सेवाओं को दिये जाने से लोक सेवा केन्द्र आपरेटरों के पास कार्य की कमी भारी मात्रा में हुई है जिससे शासन द्वारा लोक सेवा केन्द्र आपरेटरों की अनदेखी की गई। लोक सेवा केन्द्र आपरेटरों का आय का मुख्य स्त्रोत सेवाओं से प्राप्त शासन द्वारा निर्धारित शुल्क होता है तथा उससे प्राप्त आमदनी से ही कार्यालय का रखरखाव व मशीनों का मेन्टनेन्स किया जाता है तथा प्राप्त आय से अपने परिवार का भरण पोषण करना मुश्कील होते जा रहा है ।

छ.ग. शासन द्वारा संचालित समस्त लोक सेवा केन्द्रों में शासकीय कार्यालयों शासकीय कर्मचारियों की कमी होने के कारण समय समय पर शासकीय कार्य लोक सेवा आपरेटरों द्वारा लिया जाता रहा है। शासकीय कार्यालय में कर्मचारियों की कमी को दृष्टिगत रखते हुए सभी कार्यालयों में लोक सेवा आपरेटरों को नियमित कर उनके हित में निर्णय लेना आपकी महान उदारता होगी ।

वहीं दुर्ग संभाग के समस्त लोक सेवा केन्द्र के आपरेटरों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से निवेदन किया है कि उपरोक्त संपूर्ण तथ्यों को ध्यान में रखते हुए हमारी समस्याओं का समाधान करने की मांग करते हैं। जिससे हम अपने परिवार का भरण पोषण सही तरीके से कर सकें। निवेदन है कि हमारे आवेदन एवं हमारी मांगों को गंभीरता से लेते हुए हमारे भविष्य में सुधार करने की असीम कृपा करेंगें। समस्त लोक सेवा केन्द्र आपरेटर आपके आजीवन आभारी रहेंगे।






स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950